

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | गुरुवार , 06 मार्च 2026 | वर्ष: 03 , अंक: 354 पृष्ठ: 08 , मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# नीतीश कुमार चले दिल्ली, राज्यसभा के लिए किया नामांकन

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित राजग उम्मीदवारों ने राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन

**पटना/एजेंसी**

बिहार की राजनीति में गुरुवार को उस समय हलचल तेज हो गई जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नितिन नवीन और रामनाथ ठाकुर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के उपेंद्र कुशवाहा तथा शिवेश कुमार ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। सभी उम्मीदवारों ने बिहार विधानसभा परिसर स्थित विधान सभा कार्यालय प्रकोष्ठ में सचिव की उपस्थिति में राज्यसभा चुनाव के लिए अपने नामांकन पत्र जमा किए। नामांकन दाखिल करने के दौरान राजनीतिक माहौल काफी सक्रिय दिखाई दिया और गठबंधन के कई बड़े नेता इस मौके पर मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। नेताओं ने उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए राज्यसभा चुनाव में जीत का भरोसा जताया। जनता दल यूनाइटेड ने राज्यसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि नीतीश कुमार के लंबे राजनीतिक अनुभव और प्रशासनिक क्षमता का लाभ संसद में भी बिहार और देश को मिलेगा। नामांकन दाखिल होने के साथ ही बिहार में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। आने वाले दिनों में राज्यसभा चुनाव को लेकर बिहार की राजनीति में और भी हलचल देखने को मिल सकती है।





## ललन सिंह के बयान ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दिया

**पटना।** बिहार सियासत में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। जनता दल (यू) के वरिष्ठ नेता ललन सिंह के बयान ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। ललन सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर कहा कि जो भी फैसला होगा, वह पूरी तरह से उनका खुद का निर्णय होगा। ललन सिंह ने साफ तौर पर कहा कि नीतीश कुमार जहां भी जाएंगे, हम उनके साथ रहेंगे। उनके इस बयान को बिहार की बदलती राजनीतिक परिस्थितियों के संदर्भ में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह के बयान से आने वाले समय में बिहार की राजनीति में बड़े बदलाव की संभावना को बल मिल रहा है।हालांकि ललन सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी राजनीतिक फैसले को लेकर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही लेंगे। पार्टी के भीतर सभी नेता उनके नेतृत्व पर भरोसा करते हैं।

### भाजपा का षड्यंत्र अब बेनकाब हो गया: विपक्ष

बिहार प्रदेश कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर आरोप लगाया कि बिहार में जनमत की हत्या की जा रही है और भाजपा का षड्यंत्र अब बेनकाब हो गया है। नीतीश कुमार के नाम पर वोट लेकर उन्हें पद से हटाकर खुद सत्ता पर पूरा कब्जा करने की योजना भाजपा कई महीनों से बना रही थी, जिसकी आशंका कांग्रेस पहले ही जता चुकी थी। कांग्रेस के अनुसार आज सामने आ रही खबरें उसी कथित षड्यंत्र का परिणाम हैं। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि इस पूरे घटनाक्रम में भाजपा के साथ जदयू के कुछ नेता भी शामिल हैं और इसी योजना के तहत नीतीश कुमार के स्वास्थ्य के साथ भी लगातार खिलवाड़ किया गया। कांग्रेस ने कहा कि यह फैसला नीतीश कुमार का नहीं हो सकता और इसे बिहार के करोड़ों मतदाताओं द्वारा दिए गए जनादेश के साथ विश्वासघात बताया।

## नितिन नबीन ने भी किया राज्यसभा के लिए नामांकन

**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने गुरुवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। राज्यसभा चुनाव के लिए अपने नामांकन के पूर्व उन्होंने पूजा-अर्चना की। नितिन नवीन सबसे पहले पटना के बांसघाट स्थित काली मंदिर एवं गोलघर स्थित माँ अखंडवासिनी मंदिर में पहुंचे जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वे पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे विधानसभा पहुंचे, जहां उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में अपने नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

उन्होंने कहा कि राज्यसभा के लिए नामांकन प्रस्तुत करते हुए मन स्वाभाविक रूप से उस लंबी यात्रा को याद कर रहा है, जिसे हमने आप सबके साथ मिलकर तय किया है। नितिन नबीन ने कहा कि मुझे पटना पश्चिम (बांकीपुर) की जनता ने हाथ पकड़कर चलना सिखाया है।



### म सब मिलकर विकसित बिहार के संकल्प को आगे बढ़ाते रहेंगे: नितिन

**पिछले** दो दशकों से अधिक समय से आपने जो विश्वास और स्नेह दिया है, उसी के बल पर मुझे बिहार सरकार में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य और समाज की सेवा करने का अवसर मिला, जिसे मैंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि चाहे श्रीरामनवमी की भव्य शोभायात्रा की तैयारियाँ हों, आस्था के पर्वों की व्यवस्था हो, या बांकीपुर के विकास से जुड़े संकल्प, हर कदम पर मैंने स्वयं को आप सबके विश्वास का प्रतिनिधि मानकर कार्य किया है। आज राज्यसभा के लिए नामांकन करते हुए मन में वही जिम्मेदारी और सेवा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूँ कि बांकीपुर की जनता के साथ मेरा यह आत्मीय संबंध आगे भी इसी विश्वास और समर्पण के साथ बना रहेगा, और हम सब मिलकर विकसित बिहार के संकल्प को आगे बढ़ाते रहेंगे।

# उत्तरी प्रदेश: योगी सरकार की पहल से आधी आबादी के जीवन में उजाला

लखनऊ/एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिला सशक्तीकरण की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। योगी सरकार की 'विद्युत सखी योजना' ग्रामीण महिलाओं के जीवन में न केवल उजाला ला रही है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत भी कर रही है। अब तक इन ग्रामीण महिलाओं ने अपनी मेहनत और लगन से 3,250 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल संग्रह कर एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड कायम किया है, जो महिला सशक्तीकरण का एक सशक्त मॉडल बन गया है। प्रदेश में अभी 30 हजार महिलाओं को विद्युत सखी के तौर पर पंजीकृत किया जा चुका है। इनमें से 15 हजार से अधिक महिलाएं पूरी सक्रियता के साथ फील्ड में तैनात होकर घर-घर जाकर बिजली बिल जमा करवा रही हैं।






# ग्रेटर नोएडा में 29 मार्च को होगी समाजवादी समानता भाईचारा रैली, अखिलेश यादव करेंगे संबोधित

**नोएडा** जनपद गौतमबुद्ध नगर में समाजवादी पार्टी द्वारा आगामी 29 मार्च को ग्रेटर नोएडा क्षेत्र स्थित मिहिर भोज डिग्री कॉलेज के प्रांगण में आयोजित होने वाली समाजवादी समानता भाईचारा रैली की तैयारियों को लेकर सपा कार्यकताओं में विशेष उत्साह है। रैली की तैयारियों को लेकर क्षेत्र में बैठकें व सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के मेरठ सहारनपुर स्नातक खंड के प्रत्याशी प्रमेंद्र भाटी एडवोकेट एवं श्याम सिंह भाटी एडवोकेट के द्वारा बिसरख गांव में एक जन-पंचायत का आयोजन किया गया है।

पंचायत की अध्यक्षता नगेंद्र प्रधान द्वारा की गई तथा पंचायत का आयोजन केके भाटी एडवोकेट के द्वारा किया गया। जन पंचायत में प्रमेन्द्र भाटी एडवोकेट ने कहा कि आगामी 29 मार्च को दादरी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एक विशाल रैली को संबोधित करेंगे। जिसमें जिले के सभी क्षेत्रों के व हर वर्ग के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र और राज्य सरकार आम जनता का शोषण करने में लगी हुई है, सरकार की जन विरोधी नीतियों से महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। जिससे आम जनमानस का जीवन कष्टदायक हो गया है। उन्होंने लोगों से रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील करते हुए कहा





कि सामाजिक न्याय के राज की स्थापना करने लिए लोकतंत्र, संविधान, धर्मनिरपक्ष और समाजवाद को बचाने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत आवश्यक है, जिसकी नींव दादरी की इस रैली से ही रखी जाएगी।

इस मौके पर समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट श्याम सिंह भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार से पीड़ित, दुःखी अपमानित लोग एकजुट होकर पीडीए के साथ है। भाजपा हर वर्ग को अपमानित कर रही है। जबकि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता का भरोसा खो चुकी है। आम जनता समाजवादी सरकार बनाने का फैसला ले चुकी है। आज किसान, नौजवान, महिलाएं और व्यापारी सहित हर वर्ग के लोग परेशान और त्रस्त है। उन्होंने कहा कि 29 मार्च को होने वाली रैली ऐतिहासिक होने जा रही है। रैली को सफल बनाने के लिए गाँव-गाँव में बैठक लगातार की जाएंगी। इसी क्रम में 10 मार्च को तिलपता व 11 मार्च को सादोपुर में बैठक आयोजित होगी।

जन पंचायत में महेश गुप्ता, महिला सभा अध्यक्ष डॉक्टर शशि यादव, सत्येंद्र खारी, करण सिंह एमपी, संतु यादव, अमित भाटी, रोहित बैसोया, सागर शर्मा, शिमला सागर, रूबी नागर, नेहा पवार, सचिन भाटी, रिंकू यादव, गौरव यादव, पवन भाटी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन कौशांबी में एसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ खेली होली उड़े रंग गुलाल

**पुलिस लाइन कौशाम्बी में होली मिलन समारोह का आयोजन**





**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** । पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस लाइन कौशाम्बी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को रंग, अबीर-गुलाल लगाकर तथा मिष्ठान्न वितरित कर होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

एसपी द्वारा होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने पर सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को बधाई दी गई तथा सभी को आगे भी कर्तव्यों का निष्ठा व समर्पण के साथ निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके एएसपी राजेश कुमार सिंह, सीओ शिवांक सिंह, सीओ अभिषेक सिंह, सीओ जेपी पांडेय समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## डीएम एसपी ने पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाया होली का त्योहार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**चित्रकूट** । पुलिस लाइन चित्रकूट में होली के पावन पर्व को हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हुए उत्साहपूर्वक होली का पर्व मनाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक माहौल के बीच सभी ने मिलकर पारंपरिक तरीके से होली का आनंद लिया।

जिलाधिकारी चित्रकूट एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है।

इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक राम शीष यादव,पीआरओ प्रदीप पाल, समस्त थाना प्रभारी,अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे सभी ने मिलकर होली के पर्व को उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया।

## दहियावां बाजार में जल भराव की समस्या, युवा विकास पार्टी ने दी चेतावनी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज**। गंगापार स्थित दहियावां बाजार में मेला मैदान से दहियावां बस अड्डा तक सड़क की स्थिति बड़ी खराब है। बैंक ऑफ बड़ौदा के अगल-बगल लगभग दो वर्षों से जल भराव बना रहता है। गुरुवार को युवा विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा मौके पर गए। ग्रामीणों ने विस्तार से समस्या बताई और कहा कि पिछले दो वर्षों से यहां जल भराव रहता है। ग्रामीण इसकी शिकायत बहुत दिनों से कर रहे हैं लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस जल भराव से कई लोग दुर्घटनाग्रस्त हो गए। कई लोगों को चोट आई। व्यापारियों का व्यापार चौपट हो रहा है। बरसात में हालात और खराब हो जाती है।

युवा विकास पार्टी लोक निर्माण विभाग से मांग करती है कि इस समस्या का निदान शीघ्र किया जाए। कहा कि जिलाधिकारी प्रयागराज इस विषय का संज्ञान लेकर जल भराव की समस्या को दूर करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे जिससे इस समस्या का हल शीघ्र किया जा सके।

युवा विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 20 मार्च के पहले जल भराव की समस्या को दूर किया जाए नहीं तो यहां विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन की होगी।

## बिंदकी पुलिस द्वारा 13 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर**। एसपी अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर बिंदकी पुलिस ने 13 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।

गुरुवार को थाना बिंदकी पुलिस द्वारा मारपीट बलवा से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण अखिलेश सिंह पुत्र कुंजी लाल .तेजबहादुर पुत्र कुवर बहादुर .मुकेश कुमार पुत्र श्री इन्द्रपाल .पंकज कुमार पुत्र रामसिंह .बीरू पुत्र शिवबरन .प्रीत पुत्र विजय .अवनीश पुत्र अखिलेश . सोनू उर्फ सोमदत्त पुत्र केशराज निवासीगण छोटेलालपुर थाना बिन्दकी फतेहपुर . विजय कुमार पुत्र देशराज निवासी कालपी थाना कालपी जिला जालौन . सुशील पुत्र वंशगोपाल निवासी खुरईन स्टेशन थाना गिरवा जनपद बाँदा . श्रीमती सोनी पत्नी अखिलेश कुमार . प्रीति पुत्री अखिलेश. श्रीमती मीता पत्नी स्व0 विजय निवासीगण ग्राम छोटेलालपुर थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर को माननीय न्यायालय फतेहपुर भेजा गया ।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर**। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

## होली मिलन समारोह" का किया आयोजन, सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर** । जिलाधिकारी कुशीनगर महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार की उपस्थिति में पुलिस लाइन में "होली मिलन समारोह" का आयोजन किया गया। सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशियां जाहिर की और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। समारोह में, पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर डांस किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाया। सभी ने एक साथ मिलकर होली के पारंपरिक गीत और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।

समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। यह समारोह पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच एकता और सौहार्द का प्रतीक था।

## तमंचा कारतूस के साथ युवक दबोचा गया




**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर**। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर तमंचा कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना थरियांव पुलिस द्वारा शातिर अभियुक्त रामनरेश उर्फ बृजेश मिश्रा पुत्र स्व० मोतीलाल निवासी ग्राम रामनगर मजरे औरेई सातो रोड थाना थरियांव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 57 वर्ष को 01 अवैध तमंचा व 08 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया ।

## कर्नलगंजमें कमरेमें मृत मिली प्रतियोगी छात्रा

**आजमगढ़ जनपदकी रहने वाली थी नीता, कोचिंग भी पढ़ाती थी**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज**। कर्नलगंज थाना क्षेत्र के ढररिया में होली के दिन बंद कमरे में एक प्रतियोगी छात्रा का शव मिलने से हडकंप मच गया। कर्नलगंज पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से जांच की। गुरुवार को मृतका के शव को पोस्टमार्टम हुआ। सूत्रों की माने तो विसरा प्रिजर्व किया गया है आजमगढ़ जनपद के बरामद अहिरौल निवासी ३१ वर्षीय नीता मौर्या तीन बहनों में छोटी थी। उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। वह कर्नलगंज स्थित ढररिया में किराये का कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी और साथ ही बच्चों को कोचिंग भी पढ़ाती थी। मृतका के परिजनों के मुताबिक वह १५ दिन पहले घर से आयी थी सब ठीक था तीन दिन पहले बात भी हुई थी। होली के दिन यानी बुधवार को वह काफी देरतक कमरे से नहीं निकली तो आसपास के लोगों ने कमरा मालिक को सूचित किया और पुलिस को जानकारी दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो नीता मौर्या विस्तर में मृत पड़ी थी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच की। गुरुवार को मृतका का पीएम होने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर चले गये।

## सात दिन तक सजेगा सांस्कृतिक मंच, 40वां स्थापना दिवस भी मनाएगा केंद्र

## विरासत कला उत्सव का आगाज कल से

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज**। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सात दिवसीय 'विरासत कला उत्सव' का शुभारंभ 6 मार्च से सांस्कृतिक केंद्र प्रेक्षागृह में होगा। इस आयोजन के साथ ही केंद्र अपना 40वां स्थापना दिवस समारोह भी उत्साहपूर्वक मनाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा ने बताया कि सात दिनों तक शास्त्रीय संगीत, लोकगायन, नाटक और कवि सम्मेलन जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उद्देश्य है कि शहर के कला प्रेमियों को भारतीय सांस्कृतिक परंपरा की विविधता एक ही मंच पर देखने का अवसर मिले। उत्सव का उद्घाटन पद्मश्री सम्मानित ध्रुपद गायक वासिफुद्दीन डागर के शास्त्रीय गायन से होगा।

साथ ही पं. मोहन श्याम वर्मा पखावज वादन तथा चेतन जोशी बांसुरी वादन की प्रस्तुति देंगे। 7 मार्च को परंपरा आर्ट्स चंडीगढ़ द्वारा नाटक 'माधवी' मंचित किया जाएगा। 8 मार्च को होली मिलन समारोह, 9 मार्च को मोहन राठौर का लोकगायन, 10 मार्च को मुंबई की संस्था संस्कृति सौरभ द्वारा नाटक 'तुलसी' प्रस्तुत किया जाएगा। 11 मार्च को राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन होगा, जिसमें डॉ. आदित्य जैन सहित कई प्रख्यात कवि काव्य पाठ करेंगे। समापन अवसर पर गाजियाबाद की कव्वाल चंचल भारती सूफियाना प्रस्तुति देंगी। इसके अलावा महात्मा गांधी कला विथिका में चित्रकला प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जो 12 मार्च तक चलेगी।

## कार्यकताओं ने डिप्टी सीएम के साथ खेली होली



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी** । जनपद सिराथू विधानसभा के उत्तर प्रदेश के गौरव उपमुख्यमंत्री आवास पर रखा होली मिलन समारोह, जहां पर जिले से कार्यकर्ता पार्टी के पदाधिकारी द्वारा होली मिलन कार्यालय कार्यक्रम में पहुंचे प्रमुख प्रतिनिधि नेवादा संदीप मिश्रा के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार लोकप्रिय कौशांबी के लाल उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर होली बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

उप मुख्यमंत्री ने जिले का भी सभी कार्यकताओं से शुभकामनाएं दी भाजपा कार्यकर्ता अभिषेक द्विवेदी मौजूद रहे।

## फेसबुक पर अदालत व जजों पर अभद्र टिप्पणी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज**। सोशल मीडिया पर न्यायालय और न्यायाधीशों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना एक युवक को भारी पड़ गया। हाईकोर्ट के आदेश पर कैंट थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अदालत ने पुलिस को 16 मार्च तक आरोपी को ट्रेस कर पेश करने का निर्देश दिया है।

हाईकोर्ट चौकी प्रभारी विनय कुमार शुक्ला की तहरीर पर कैंट थाने में आरोपी फेसबुक अकाउंट अश्वनी अंबेडकर मूलनिवासी के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि अश्वनी अंबेडकर मूलनिवासी नाम के फेसबुक अकाउंट से देश की अदालत और न्यायाधीशों के बारे में अमर्यादित व आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। मामला संज्ञान में आने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त को कार्रवाई के निर्देश जारी किए। पुलिस अब सोशल मीडिया अकाउंट के आधार पर आरोपी की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है। कैंट थाना पुलिस इस मामले में साइबर सेल की मदद ले रही है, ताकि फेसबुक अकाउंट संचालित करने वाले व्यक्ति की सही पहचान हो सके। कैंट थाना प्रभारी अमरनाथ राय ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## महेवाघाट पुलिस द्वारा शांति भंग करने वाले 4 अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** । बुधवार थाना महेवाघाट पर सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम लौगावां मे अमरनाथ मिश्रा पुत्र सोनेलाल मिश्रा नि0 ग्राम लौगावां अपने पास तमंचा व कारतूस लेकर गांव मे घूम-घूमकर कर लोगों को डरा धमका रहा है ।

सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी हिनौता मय पुलिस बल के साथ ग्राम लौगावां पहुंचे तथा अमरनाथ मिश्रा पुत्र सोनेलाल मिश्रा नि0 ग्राम लौगावां थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही थी कि गांव के कई लोग पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाने के लिए सामूहिक रूप से पुलिस वालों को गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथों मे लाठी डण्डा लेकर, एकराय होकर पकड़े गये अभियुक्त अमरनाथ मिश्रा को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाने लगे । जिससे अमरनाथ उपरोक्त मौके से भाग गया । चौकी प्रभारी हिनौता से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा मौके पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही थी कि 50 से अधिक लोगों द्वारा पुलिस टीम के साथ आक्रोशित होते हुए ईंट पत्थर चलाने व मारपीट करने लगें जिससे पुलिस बल को चोटे आ गई इस घटना की सूचना उच्चाधिकारीगण को दी गयी तो थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर आ गई ।

पुलिस टीम द्वारा मौजूद उपद्रवी भीड़ को ललकारते हुए मौके से हट जाने के लिए कहा गया, लेकिन 04 व्यक्ति मौके से नही हटे और पुलिस के विरोध मे दुस्साहसपूर्वक अपशब्द बोल रहे थे, जिनको मौजूद पुलिस बल की मदद से हिरासत में लिया गया । नाम पता पूछा गया तो अपना नाम 1. अशोक कुमार मिश्रा पुत्र सोनेलाल मिश्रा उम्र करीब 49 वर्ष 2. दीपू सिंह पुत्र झूड़ी उर्फ किशनपाल उम्र करीब 28 वर्ष 3. प्रिंस मिश्रा पुत्र अशोक कुमार मिश्रा उम्र करीब 20 वर्ष 4. बाबूलाल पुत्र पंचमलाल उम्र करीब 24 वर्ष समस्त नि0 गण ग्राम लौगावां थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी बताया गया । अभियुक्त अमरनाथ मिश्रा पुत्र सोनेलाल मिश्रा नि0 ग्राम लौगावां थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी के कब्जे से एक अदद तमंचा व 5 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया ।

# 24 घंटे के भीतर चोरी के तीन अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने जेल भेजा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** नैनी थाने की पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के अन्दर चोरी के अभियोग से संबंधित 3 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए।इनके कब्जे से चोरी की 7 विभिन्न कम्पनियों की बडी, छोटी बैट्री, प्लास व पेंचकस बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों में राहुल निवासी जगदीश शरीर, चुनार स्टेशन के पास थाना कोतवाली चुनार जनपद मीरजापुर, हालपता जज्जीपुरवा लोहगरा थाना बारा जनपद प्रयागराज, हथगन निवासी जज्जीपुरवा लोहगरा थाना बारा जनपद प्रयागराज और गोपी निवासी जज्जीपुरवा लोहगरा थाना बारा जनपद प्रयागराज शामिल हैं।




इनको 24 घंटे के अंदर मुखबिर की सूचना पर टीएसएल के अन्दर जंगल से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि वादी मुकदमा अचिन्त्य यमदाग्नि पुत्र आदित्य यमदग्नि निवासी एमआईजी पीडीए कॉलोनी नैनी प्रयागराज के तहरीरी सूचना के अनुसार विपक्षीगण द्वारा वादी व अन्य व्यक्तियों की कार की बैट्री चोरी के सम्बन्ध में नैनी थाने में 4 मार्च को धारा 303(2) बीएनएस मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर चोरी करने वाले अभियुक्तों को टीएसएल नैनी के अन्दर जंगल से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि हम तीनों लोग अपने सहयोगी के साथ कूड़ा बीनने के बहाने से एडीए व नैनी क्षेत्र में घूमते रहते है और मौका पाकर खडी गाड़ियों व मोटरसाइकिलों की बैट्रियों को प्लास व पेंचकस की सहायता से खोलकर चुरा लेते हैं।

बरामद बैट्रियां एडीए कालोनी क्षेत्र में ही जगह जगह से चुरायी गयी है। इन बैट्रियों को बेचने की फिराक में थे, तभी पकड़ लिए गए।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। लिखा पढ़ी के बाद इनको जेल भेज दिया गया।

## किन्नर संतों ने खेली होली, दिया आशीर्वाद

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** किन्नर अखाडा के बडी संख्या में शिष्यों और पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि (छोटी मां) के नेतृत्व में रंगों से होली खेली और एक - दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर बधाई दिया। महामण्डलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि (छोटी मां) ने सभी पदाधिकारियों, शिष्यों को आशीर्वाद देते हुए उनके मंगल की ईश्वर से कामना किया। उन्होंने कहा कि होली सभी लोग मिलकर मनाते है, यह ऐसा त्यौहार है जिसमें लोग आपसी वैमनस्य को भूल जाते है और एक - दूसरे को गले लगाकर प्रेमपूर्वक रहते है। इस दौरान किन्नर अखाडा की श्रीमहंत कामाक्षी नंद गिरि, शुभम नंद गिरि, हर्षिता नंद गिरि, मनीषा नंद गिरि, शिवानी नंद गिरि, आलिया नंद गिरि सहित अन्य प्रमुख लोग थे।

## काल भैरव, बउचरा माता प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आठ से : राजेश्वरी नंद गिरि

### पूणार्हुति, संत सम्मेलन, महा प्रसाद वितरण कार्यक्रम

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा झारखंड की प्रदेश अध्यक्ष महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008स्वामी माता राजेश्वरी नंद गिरि (रोज मौसी) ने आज बताया कि तीन दिवसीय श्री श्री 108 काल भैरव और बउचरा माता के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कार्यक्रम आठ मार्च से शुरू होकर 10 मार्च तक श्री मंगलमुखी धाम, बंधा पोखर के सामने, देवघर,झारखंड में चलेगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि किन्नर अखाडा की आचार्य महामण्डलेश्वर प्रो (डा) श्री श्री 1008 किन्नर पीठाधीश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी महराज है। महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी माता राजेश्वरी नंद गिरि ने बताया कि पहले दिन आठ मार्च को भव्य कलश यात्रा सुबह नौ बजे निकलेगी, दूसरे दिन नौ मार्च को वेदी पूजन, आधिवास और 10 मार्च को पूणार्हुति, संत सम्मेलन और महा प्रसाद का वितरण होगा जिसमें देश के कोने - कोने से बडी संख्या में किन्नर संत और क्षेत्रीय लोग शामिल होगे।

किन्नर अखाड़ा झारखंड की प्रदेश अध्यक्ष महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी माता राजेश्वरी नंद गिरि (रोज मौसी) ने आज बताया कि किन्नर अखाड़ा सनातन धर्म से अधिक से अधिक लोगों को जोडते हुए आगे बढ रहा है क्योंकि किन्नर अखाड़ा के गठन के बाद से बडी संख्या में लोग तेजी से सनातन धर्म से जुडकर मजबूत कर रहे है।उन्होंने कहा कि इसका सारा श्रेय किन्नर अखाडा के आचार्य महामण्डलेश्वर प्रो (डा) श्री श्री 1008 किन्नर पीठाधीश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज को है जिन्होंने देश, विदेश के लाखों लोगों को सनातन धर्म से जोडकर नया इतिहास बना दिया। महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी माता राजेश्वरी नंद गिरि (रोज मौसी) ने आज बताया कि सनातन धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए किन्नर अखाड़ा का गठन हुआ है।

## होली पर एसआरएन चिकित्सालय में मरीजों की बढ़ी संख्या

### 365 मरीजों का हुआ उपचार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** होली जैसे बड़े पर्व के दौरान मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से संबद्ध स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में मरीजों की संख्या बढ़ी रही। होली के दिन बुधवार की सुबह आठ बजे से 5 मार्च शाम 6:00 बजे तक अस्पताल की इमरजेंसी एवं विभिन्न विभागों में कुल 365 मरीजों का उपचार किया गया।

मेडिकल कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. संतोष सिंह ने आज जानकारी देते हुए बताया कि इस अवधि में मेडिसिन विभाग में 67 मरीज, ट्रॉमा सेंटर में 38 मरीज तथा इमरजेंसी ओपीडी में 260 मरीज पहुंचे। त्योहार के दौरान आने वाले मरीजों में फूड पॉइजनिंग के मामले सबसे अधिक देखने को मिले, जबकि कई मरीज रंगों से एलर्जी, त्वचा में जलन, सड़क दुर्घटनाओं तथा नशे की स्थिति में गिरने के कारण अस्पताल पहुंचे।

उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान खानपान में अनियमितता, बासी या अस्वच्छ भोजन तथा अत्यधिक तले-भुने खाद्य पदार्थों के सेवन के कारण फूड पॉइजनिंग के मामलों में वृद्धि देखी जाती है। ऐसे मामलों में मरीजों को उल्टी, दस्त, पेट दर्द और कमजोरी की शिकायत के साथ अस्पताल आना पड़ा। चिकित्सकों की टीम ने सभी मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया।

मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. वी.के. पांडेय ने बताया कि होली के अवसर पर अस्पताल प्रशासन द्वारा विशेष इमरजेंसी व्यवस्था की गई थी। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल कर्मचारियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई थी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। अस्पताल की टीम की तत्परता के कारण सभी मरीजों को शीघ्र उपचार मिला और कोई गंभीर स्थिति सामने नहीं आई।

डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि त्योहारों के दौरान विशेष रूप से युवाओं में नशे की प्रवृत्ति तथा तेज गति से दोपहिया वाहन चलाने के कारण ट्रॉमा के मामले भी सामने आते हैं। हालांकि रफ्ठ अस्पताल के अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर एवं बर्न यूनिट के कारण सभी मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई।

होली के अवसर पर की गई इस विशेष व्यवस्था का लाभ प्रयागराज शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों को भी मिला। अस्पताल प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि त्योहारों के दौरान खानपान में सावधानी बरतें, नशे से बचें और सुरक्षित तरीके से पर्व मनाएं, ताकि दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचा जा सके।

## आरटीई के दूसरे चरण में प्रवेश के लिए आवेदन आज तक : बीएसए

### 1417 विद्यालयों में 7382 सीटों पर छात्रों का होना है प्रवेश, ड्रा होगा नौ मार्च

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बीएसए अनिल कुमार ने बताया कि सात मार्च शुक्रवार तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 1417 विद्यालयों में 7382 सीटों पर छात्र - छात्राओं को दूसरे चरण में प्रवेश दिया जाएगा। सत्यापन में योग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों का चुनाव लाटरी से होगा। यह ड्रा नौ मार्च को होना है। बीएसए अनिल कुमार ने बताया कि गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अलाभित समूह व दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा एक व पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश देने के लिए यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है। तीन चरणों में आवेदन मांगा गया है। बीएसए अनिल कुमार ने बताया कि पहला चरण पूरा हो चुका है। इसमें 2651 विद्यार्थी चयनित हुए हैं।

## तिलक समारोह में मारपीट व तोड़फोड़, तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज** । नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अंधियारी पुरई में तिलक समारोह के दौरान मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित रमाकांत पाण्डेय की तहरीर पर पुलिस ने नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दिए गए प्रर्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 13 फरवरी की शाम उनके पुत्र लक्ष्मीकांत पाण्डेय का तिलक समारोह घर पर चल रहा था। इसी दौरान देवेंद्र मिश्रा, कुलदीप मिश्रा पुत्रगण रुद्रनारायण मिश्रा निवासी शांतिपुरम थाना फाफामऊ, सतवीर पटेल, कल्लान मिश्रा व कुछ अन्य लोग कथित रूप से शराब के नशे में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया और घर में घुसकर मारपीट की। इस दौरान उनके भाई उमाकांत पाण्डेय को भी लाठी-डंडों से पीटा गया तथा घर में रखे सामान में तोड़फोड़ की गई। मारपीट में रमाकांत पाण्डेय के हाथ में फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद 14 फरवरी को पुलिस द्वारा उनका मेडिकल कराया गया। नवाबगंज पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होगी महिला एथलेटिक्स लीग

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को प्रयागराज में महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता मदन मोहन मालवीय स्टेडियम (गेट-6, आजाद पार्क), प्रयागराज में होगी। यह आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल के अंतर्गत किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को खेलों के माध्यम से प्रेरित करते हुए उन्हें उपलब्धियों के नए मील के पत्थर तक पहुँचने के लिए प्रोत्साहित करना है। आयोजन माय भारत एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त समन्वय से खेलो इंडिया योजना के ह्यस्पोर्ट्स फॉर विमेनह्ल घटक के अंतर्गत किया जा रहा है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा, युवतियों की शारीरिक दक्षता का विकास तथा जमीनी स्तर पर खेलों में उनकी सहभागिता को व्यापक बनाना है।प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़, रस्साकशी आदि होगी। इसके लिए 13 वर्ष से कम, 13 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक आयु निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी फोन 9415437312 पर संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। कार्यक्रम में सहभागिता करने वाली सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र के साथ पदक देकर सम्मानित किया जाएगा।माय भारत, प्रयागराज की उपनिदेशक जागृति पांडेय ने जनपद के शैक्षणिक संस्थानों से कहा है कि वे अपनी छात्राओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक युवतियाँ इस पहल का लाभ उठाते हुए खेलों के माध्यम से सशक्त बन सकें।

# गांवों में रंग गुलाल के साथ होली गीतों का खूब उठाया लुफ्त

## फूलपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में होली पर्व की दिखी धूम

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** होली के पावन पर्व को लोगों ने खूब जमकर धमाल मचाया होलिका दहन बुधवार देर रात करने के बाद होली गीतों का सिलसिला शुरू हुआ जो दो दिनों तक देर शाम तक चलता रहा। घरों में लोगों ने गोझिया,पापड़ और चिप्स के साथ विभिन्न प्रकार के पकवानों का आनंद उठाने के साथ ही अबीर और गुलाल लेकर लोग एक दूसरे के माथे पर तिलक लगाकर होली की बधाई देते हुए गले मिलकर सभी गिले शिकवे भुलाकर भाई चारे का संदेश दिए तो बच्चों और महिलाओं ने रंग भरी पिचकारी से रंग डाल कर होली पर्व की खुशियां मनाई। कोड़ापुर गांव के ग्राम प्रधान के घर होली मिलन का रंगपरंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर बड़ी संख्या में एकत्रित ग्रामीणों ने ढोल मजीरे और हारमोनियम के मधुर वादन पर होली गीतों का कई घंटों तक आनंद उठाया।



कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक होली गीत गया जिसका उपस्थित लोगो ने जमकर आनंद लिया।

मौके पर प्रधानपति वरिष्ठ पत्रकार अध्यक्ष पत्रकार संघ फूलपुर मौजी लाल रावत,समाजसेवी रूप चंद्र भारतीय,अमृत लाल पटेल,नन्हे भारतीय,कड़ेदीन भारतीय चौधरी,फूलचंद्र पटेल कोटेदार,राजेश यादव अवकाश प्राप्त अमीन,विनोद कुमार भारतीय,धर्मेंद्र कुमार भारतीय,अनिल कुमार मास्टर,प्रदीप कुमार,हुबलाल,फूलचंद्र यादव, कान्तलाल यादव,फूलचंद्र सरोज,दीप चंद गौतम,मुकेश रावत,मोहित कुमार,मयंक रावत,अखिलेश कुमार,विदांशी रावत,रमेश कुमार,जितेंद्र कुमार,मनोज भारतीय, रमाशंकर मौर्य१,राधे श्याम विश्वकर्मा,पूर्णवासी वनवासी,मनीष रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सिकंदरा में खूब उड़ा अबीर गुलाल, रंगों की हुई बौछार

**चंद्रशेखर यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बहरिया।** विकास खंड में होली का त्योहार शांत और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सिकंदरा कस्बे में जम कर रंगों की बौछार हुई और खूब अबीर गुलाल उड़े। बुधवार को रंगोत्सव का जुलूस सिकंदरा हनुमान मंदिर से निकल कर सिकंदरा बहरिया रोड पर रौजा के सामने पहुंचा। जहां पर धनपालपुर और दलीपुर के होलियारों की भी टीम शामिल हो गई। डीजे की धुन पर नाचते गाते जब रंगोत्सव का जुलूस कस्बे अंदर गया तो महिलाओं ने छतों से रंगों की बौछार कर दी। चौरसिया बस्ती में जम कर अबीर गुलाल उड़े। लोगों ने जगह जगह भांग मिली ठंडई और मीठे पकवानों का भी आनंद उठाया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत, एसीपी फूलपुर विवेक यादव, थानाध्यक्ष बहरिया ब्रजेश सिंह, चौकी इंचार्ज सिकंदरा ब्रजेश कुमार तिवारी पुलिस और पीएसी के जवानों के साथ मौजूद रहे। आयोजन में मुख्य रूप से मुनीशानंद मिश्रा, राजकुमार पांडेय, प्रत्यक्ष द्विवेदी उर्फ गोलू, दिलीप सिंह, फूलचंद्र पटेल, मनोज चौरसिया, आशुतोष केसरवानी, भोला साहू, लक्ष्मी कांत पटेल प्रधान, अवधेश मौर्या आदि लोग रहे। इसी प्रकार कमलानगर, बकसेड़ा, मैलहा, रामगढ़ कोठारी, अतनपुर, दोनइया आदि गांवों में होली का पर्व धूम धाम के साथ मनाया गया।



# कछार की ऐतिहासिक होली पारम्परिक तरीके से मनायी गयी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**हनुमानगंज।** विकास खण्ड बहादुरपुर के कोटवा, जमुनीपुर, सोतापुर, होलीपुर गाँव की ऐतिहासिक होली पारम्परिक तरीके से मनायी गयी। सुबह से लेकर देर रात तक होलिका दलों के साथ सुरक्षा की दृष्टि से थाने की पुलिस भी लगी रही।

विकास खण्ड बहादुरपुर, के कोटवा, जमुनीपुर, सोतापुर, होलीपुर, बेलवार सहित दर्जनों गांवों में होली का उत्सव पारम्परिक तरीके से मनाया गया जिसमें कोटवा, सोतापुर, जमुनीपुर गाँव की होली अपनी ऐतिहासिक विजय के रुप में मनायी गयी। अन्तिम मुगल बादशाह के तालुकेदार जफरा सईद के अत्याचार से परेशान जमुनीपुर कोटवा गाँव के लोगों ने महर्षि दुवार्सा आश्रम स्थित शिव की पूजा अर्चना के बहाने गोल बनाकर उक्त आततायी के किले पर चढाई कर उसका अन्त कर दिया। उसी जीत का जश्न उक्त गाँव के लोग आज भी मनाते है।इस ऐतिहासिक होली की अगुवाई अखण्ड प्रताप तारा सिंह व गिरिजेश प्रताप सिंह किया गया। इस विजय जुलूस में प्रमुख रूप से राजू तिवारी,चंदन पांडेय,कुलदीप सिंह,प्रदीप सिंह,कपिल दुबे,आदर्श सिंह,चन्दन सिंह,विक्रम सिंह, अर्जून सिंह,हरि तिवारी,महेश मिश्रा, धनंजय सिंह, अमरेन्द्र प्रताप सिंह(बाबा),बेनी बहादुर सिंह, अशोक सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



# हमीरपुर के कुंडौरा गांव की महिलाओं ने फाग निकालकर लगाए ठुमके

## अनोखी होली शुरू होने से पहले पुरुषों ने छोड़ा गांव

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के एक गांव में गुरुवार को महिलाओं ने सामूहिक रूप से फाग निकालकर जमकर धमाल किया। घूंघट वाली महिलाओं ने जमकर ठुमके भी लगाए। महिलाओं की इस अनोखी होली के शुरू होने से पहले ही पुरुषों और बच्चों ने गांव छोड़ खेत खलिहानों में डेरा डाला। घूंघट वाली महिलाओं ने फाग गीतों की धूम में जमकर ठुमके भी लगाए। महिलाओं की अनोखी होली देर शाम समाप्त होने के बाद पुरुषों की गांव में इन्ट्री हो सकी।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के कुंडौरा गांव में पुरानी परम्परा के अनुसार, महिलाओं ने अनोखी होली खेलकर जमकर धमाल मचाया। यहां कई दशकों से चली आ रही परम्परा में महिलाओं ने ही फाग निकालकर ठुमके लगाए। गांव की सरपंच सविता देवी के नेतृत्व में हर घर की महिलाओं ने होली की फाग निकाली। पूरे गांव की महिलाओं ने रामजानकी मंदिर में एकत्र होकर फाग गाए फिर ढोलक और मजीरे की धुन में ठुमके भी लगाए। इसके बाद घूंघट वाली महिलाओं की टोलियां रामजानकी मंदिर से गांव की हर गली और कूचों में रंग गुलाल उड़ाते हुए जमकर धमाल किया।



गांव के सरपंच प्रतिनिधि अरविन्द प्रताप सिंह ने बताया कि महिलाओं की होली की फाग निकालने की परम्परा बहुत पुरानी है। यहीं एक ऐसा त्योहार है जिसमें पूरे गांव की हर बिरादरी की महिलाएं और नवयुवतियां होली की फाग में शामिल होती हैं। तमाम बुजुर्ग महिलाओं ने भी होली के गीत गाकर ठुमके लगाए।

गांव की बुजुर्ग देवरती कुशवाहा, कमलेश कुमारी, रुकमणि, मुन्नी देवी, रामदेवी समेत तमाम महिलाओं ने बताया कि जब से शादी होकर यहां आई है तभी से गांव की अनोखी होली खेलने की परम्परा का हिस्सा बन रही है।

फाग होली के बाद पुरुषों को गांव में मिली इन्ट्री गांव में आज महिलाओं की होली की फाग कार्यक्रम से पहले सभी पुरुषों को अल्टीमेटम दिया गया था कि वे गांव छोड़ बाहर चले जाएं। केवल बूढ़े और बच्चे ही अपने घरों में रहेंगे। महिलाओं के इस एलान के बाद गांव के सरपंच प्रतिनिधि समेत सभी पुरुष गांव छोड़ खेत खलिहान की तरफ निकल गए।

ग्राम के बीएल कुशवाहा ने बताया कि गांव से पुरुषों के जाने के बाद महिलाओं की अनोखी होली शुरू हुई, जो देर शाम समाप्त हुई। बताया कि कई नवयुवकों को महिलाओं ने गांव से खदेड़ा है। सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि महिलाओं की होली की फाग निकलने से पहले एक भी पुरुष गांव में नहीं रहा। पुरुषों पर पैनी नजर रखने के लिए महिलाएं लाठी डंडे से लैस भी रहीं।

होली की धूम में गांव की बूढ़ी महिलाओं ने भी लगाए ठुमके

सैकड़ों साल पुरानी परम्परा महिला फाग होली की धूम शाम तक मची रही। गांव की तमाम बूढ़ी महिलाओं ने होली गीत गाते हुए ठुमके लगाए, तो घूंघट वाली महिलाएं ताली बजाने लगी। गांव की बुजुर्ग देवरती कुशवाहा ने बताया कि बुन्देलखंड और आसपास के राज्यों में इस तरह की कोई होली नहीं होती है जैसा कि यहां उनके गांव में महिलाओं की होली में धमाल होता है।

## संपादकीय

### गुलाल में घुली संवेदनाएं, सावधानी में छिपी खुशियां

रंगों के त्यौहार होली पर भला कौन ऐसा व्यक्ति होगा, जो आपसी द्वेषभाव भुलाकर रंग-बिरंगे रंगों में रंग जाना नहीं चाहेगा। लोग एक-दूसरे पर रंग डालकर, गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार करते हैं लेकिन होली के दिन प्राकृतिक रंगों के बजाय चटकीले रासायनिक रंगों का बढ़ता उपयोग चिंता का सबब बनने लगा है। ज्यादातर रंग अम्लीय अथवा क्षारीय होते हैं, जो व्यावसायिक उद्देश्य से ही तैयार किए जाते हैं और थोड़ी सी मात्रा में पानी में मिलाने पर भी बहुत चटक रंग देते हैं, जिससे होली पर इनका उपयोग अंधाधुंध होता है। ऐसे रंगों का त्वचा पर बहुत हानिकारक प्रभाव पड़ता है। शुष्क त्वचा वाले लोगों और खासकर महिलाओं व बच्चों की कोमल त्वचा पर तो इन रंगों का सर्वाधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। अम्ल तथा क्षार के प्रभाव से त्वचा पर खुजलाहट होने लगती है और कुछ समय बाद छोटे-छोटे सफेद रंग के दाने त्वचा पर उभरने शुरू हो जाते हैं, जिनमें मवाद भरा होता है। यदि तुरंत इसका सही उपचार कर लिया जाए तो ठीक, अन्यथा त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियां भी पनप सकती हैं। घटिया क्वालिटी के बाजारू रंगों से एलर्जी, चर्म रोग, जलन, आंखों को नुकसान, सिरदर्द इत्यादि विभिन्न हानियां हो सकती हैं। कई बार होली पर बरती जाने वाली छोटी-छोटी असावधानियां भी जिंदगी भर का दर्द दे जाती हैं। इसलिए अगर आप अपनी होली को खुशनुमा और यादगार बनाना चाहते हैं तो कुछ विशेष बातों पर अवश्य ध्यान दें।

रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक रंगों का ही इस्तेमाल करें। ज्यादातर बाजारू रंगों में इंजन ऑयल तथा विभिन्न घातक केमिकल मिले होते हैं, जिनका त्वचा पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। होली खेलने से पहले चेहरे तथा पूरे शरीर पर सरसों अथवा नारियल का तेल या कोल्ड क्रीम अथवा सनस्क्रीन क्रीम लगा लें ताकि रोमछिद्र बंद हो जाएं और रंग त्वचा के ऊपरी हिस्से पर ही रह जाएं। इससे होली खेलने के बाद त्वचा से रंग छुड़ाने में भी आसानी होगी। होली खेलने से पहले बालों में अच्छी तरह तेल लगा लें और नाखूनों पर कैस्टर ऑयल लगाएं ताकि बाद में रंग आसानी से छुड़ाया जा सके। होली खेलने जाने से पूर्व आंखों में गुलाब जल डालें और जहां तक संभव हो, आंखों पर चश्मा लगाकर होली खेलें ताकि रंगों का असर आंखों पर न पड़ सके। महिलाएं होली खेलते समय मोटे तथा ढ़ीले-ढ़ाले सूती तथा गहरे रंग के वस्त्र पहनें। सफेद अथवा हल्के रंग के वस्त्र पानी में भीगकर शरीर से चिपक जाते हैं, जिससे सार्वजनिक रूप से महिला को शर्मिन्दगी का सामना करना पड़ सकता है। आप ऐसा व्यवहार हरगिज न करें, जिससे आपके रिश्तेदारों, पति के मित्रों अथवा अन्य पुरूषों को आपसे छेड़छाड़ करने का अनुचित अवसर मिल सके। अपना व्यवहार पूर्णतः संयमित, शालीन और मर्यादित रखें और सामने वाले की कोई गलत हरकत देखने के बाद भी उस पर मौन साधकर उसे और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित न करें। होली खेलने के तुरंत बाद स्नान अवश्य करें लेकिन त्वचा से रंग छुड़ाने के लिए कपड़े धोने के साबुन, मिट्टी के तेल, चूने के पानी, दही, हल्दी इत्यादि का प्रयोग हानिकारक है। चेहरे पर लगे गुलाल को सूखे कपड़े से अच्छी तरह पोंछ लें और रंग लगा हो तो नारियल तेल में रूई डुबोकर अथवा क्लींजिंग मिल्क से हल्के हाथ से त्वचा पर लगा रंग साफ करें। रंग छुड़ाने के लिए नहाने के पानी में थोड़ी सी फिटकरी डाल लें और ठंडे पानी से ही स्नान करें। गर्म पानी से रंग और भी पक्के हो जाते हैं। डिटर्जेंट सोप के बजाय नहाने के अच्छी क्वालिटी के साबुन का उपयोग किया जा सकता है। स्नान के बाद भी त्वचा पर खुजली या जलन महसूस हो तो गुलाब जल में ग्लिसरीन मिलाकर लगाएं। बालों से रंग छुड़ाने के लिए बालों को शैम्पू करें। स्नान के बाद आंखों में गुलाब जल डालें। होली खेलते समय यदि आंखों में रंग चला जाए अथवा आंखों में जलन महसूस हो तो आंखों को मलें नहीं बल्कि तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से मिलें।

होली केवल रंगों की चहल-पहल नहीं बल्कि मानवीय संवेदनाओं की गहराई को स्पर्श करने वाला उत्सव है। यदि हमारे उत्साह में असावधानी घुल जाए और उससे किसी की त्वचा, आंखों या पर्यावरण को क्षति पहुंचे तो उत्सव की आत्मा ही आहत हो जाती है। इसलिए होली का सच्चा आनंद तभी है, जब उसमें सजगता और संवेदनशीलता का समावेश हो। बाजार में मिलने वाले रासायनिक रंग क्षणिक चमक अवश्य देते हैं परंतु वे त्वचा रोग, एलर्जी और जल स्रोतों के प्रदूषण जैसी समस्याओं को जन्म देते हैं। होली के बाद बहता रंगीन पानी नालियों से होता हुआ नदियों और मिट्टी तक पहुंचता है, जहां वह पारिस्थितिक संतुलन को प्रभावित करता है। इसके विपरीत, प्राकृतिक और हर्बल रंग न केवल सुरक्षित होते हैं बल्कि प्रकृति के साथ सामंजस्य भी स्थापित करते हैं। होली का वास्तविक सौंदर्य संयम, मयार्दा और सावधानी में निहित है। आइए, इस होली हम ऐसा संकल्प लें कि हमारे रंग किसी के लिए कष्ट का कारण न बनें। प्राकृतिक रंगों को अपनाकर, स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा कर हम इस पर्व को सचमुच प्रेम, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक बना सकते हैं। यही होगी एक सच्ची, सुरक्षित और स्वर्णिम होली।

# ताने सुने पर हार नहीं मानी, गोबर और जूट से अपनी किस्मत संवार रहीं शालिनी

**मुरादाबाद।** महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का मुख्य रोल है। मुरादाबाद जिले की ठाकुरद्वारा तहसील के रतुपुरा गांव की रहने वाली शालिनी आज ग्रामीण महिलाओं के लिए एक ऐसी ही शानदार मिसाल बन गई हैं। कभी जिन लोगों ने गोबर से उत्पाद बनाने पर उनका मजाक उड़ाया था, आज वही उनकी सफलता की तारीफ कर रहे हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की मदद से शालिनी न सिर्फ खुद को आर्थिक रूप से सशक्त कर चुकी हैं, बल्कि दर्जनों अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ रही हैं।

**एनआरएलएम का साथ और 'अंशिका समूह' की शुरूआत**

शालिनी का आत्मनिर्भरता का सफर साल 2021 में शुरू हुआ, जब वह एनआरएलएम योजना के तहत आई आईसीआरपी (ICRP) टीम के संपर्क में आईं। उन्होंने 10 महिलाओं को साथ मिलाकर 'अंशिका स्वयं सहायता समूह' का गठन किया। योजना के तहत उनके समूह को शुरूआत में ?2,500 का स्टार्टअप फंड और ?15,000 का रिवॉल्विंग फंड (RF) मिला। जनवरी 2022 में उन्हें ?1,10,000 का कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड (CIF) प्राप्त हुआ, जो अब बढ़कर ?1,50,000 हो चुका है। बैंक लिंकेज के माध्यम से ?50,000 से शुरू हुई उनकी कैश क्रेडिट लिमिट (CCL) आज ?2,00,000 तक पहुंच गई है, जिस पर मात्र 7% का ब्याज लगता है। इसी पूंजी से उन्होंने अपने छोटे से व्यवसाय की मजबूत नींव रखी।

**जूट और गोबर (गोमय) से तराशा अपना रास्ता**



शालिनी मुख्य रूप से पर्यावरण के अनुकूल जूट और गोमय (गोबर) उत्पाद बनाती हैं। नाबार्ड द्वारा गांव में ही दी गई 15 दिवसीय ट्रेनिंग के बाद उन्होंने जूट के लंच बैग, बोतल बैग, शॉपिंग बैग और हैंडी बैग बनाना शुरू किया। इसके अलावा, उन्होंने काशीपुर से निजी ट्रेनिंग लेकर गोमय उत्पादों का निर्माण भी शुरू किया। उनके गोमय उत्पादों में समरानी कप, दीये, गोबर से बनी घड़ियां, मोमेंटो और नेमप्लेट शामिल हैं। आरसेटी (RSETI) के माध्यम से उन्होंने आर्टिफिशियल ज्वेलरी और अगरबत्ती बनाने का भी प्रशिक्षण लिया है।

**आय में जबरदस्त उछाल और बाजार की पहुंच :**

सरकारी मेलों और प्रदर्शनियों ने शालिनी के उत्पादों को एक बड़ा बाजार दिया है। मुरादाबाद के सरस मेले व उदीषा 2026 महोत्सव जैसे आयोजनों में उनके स्टॉल लगते हैं।

इसके अलावा, विकास भवन की बैठकों के लिए जूट के फाइल फोल्डर भी उनके समूह द्वारा सप्लाई किए जाते हैं। आज शालिनी जूट उत्पादों से महीने के ?8,000 से ?15,000 और गोमय उत्पादों से ?7,000 से ?10,000 तक कमा रही हैं। दिवाली जैसे त्योहारी सीजन में उनकी कमाई ?25,000 से ?26,000 तक पहुंच जाती है, जिससे उनकी सालाना आय में लगभग ?1.5 लाख का इजाफा हुआ है।

**जब ताना मारने वाले भी हुए मुरीद**

सफलता की राह कभी आसान नहीं होती। शालिनी बताती हैं कि जब उन्होंने गोबर से उत्पाद बनाने का काम शुरू किया था, तो गांव के लोगों ने खूब मजाक बनाया और ताने मारे कि "गोबर से क्या होगा?"। लेकिन पति के अटूट समर्थन और अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से उन्होंने सबको गलत साबित कर दिया। आज उनके गांव रतुपुरा में कई स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। शालिनी खुद 30 से अधिक महिलाओं को ट्रेनिंग दे चुकी हैं और गांव की कई अन्य महिलाएं उनसे काम सीखकर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

शालिनी की यह कहानी इस बात का जीता-जागता प्रमाण है कि यदि सरकारी योजनाओं (एनआरएलएम) का सही दिशा में लाभ उठाया जाए, तो महिलाएं न सिर्फ अपनी, बल्कि पूरे समाज की तस्वीर बदल सकती हैं।

## म्यूट मोड पर किशोर मन: स्क्रीन के पीछे का अनसुना शोर

**दिलीप कुमार पाठक**

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर मकान की मजबूती तो देखते हैं, लेकिन उसकी नींव में दबी दरारों को भूल जाते हैं। किशोरावस्था जीवन की वही नींव है जिसे अक्सर उम्र का तकाजा कहकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। हर साल मनाया जाने वाला विश्व किशोर मानसिक स्वास्थ्य दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारे घर के बच्चों के मन में भी कई बार गहरा अंधेरा छाया होता है। आज का किशोर कल के युवाओं की तुलना में कहीं अधिक साधन संपन्न और तकनीक का जानकार है, लेकिन विडंबना यह है कि वह पहले से कहीं अधिक अकेला और मानसिक दबाव में भी है।



आज के किशोरों के पास सबसे बड़ी चुनौती है दिखावे की संस्कृति। हाथ में स्मार्टफोन और आंखों में चमकदार भविष्य के सपने लेकर वे जिस डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं, वह जितनी आकर्षक है, उतनी ही भ्रामक भी है। सोशल मीडिया पर लाइक्स, व्यूज और कमेंट्स की संख्या अब उनके आत्म-सम्मान का पैमाना बन गई है। किसी सहपाठी की फिल्टर लगी फोटो या उसकी महंगी छुट्टियों की तस्वीरें देखकर खुद को कमतर आंकना अब एक मानसिक महामारी का रूप ले रहा है। यह तुलना का रोग उन्हें धीरे-धीरे हीन भावना और अवसाद की ओर धकेल रहा है, जिसे वे किसी से साझा भी नहीं कर पाते। अखबारों की सुर्खियों और टीवी के शोर के बीच, क्या हमने कभी गौर किया है कि घर के कोने में चुपचाप बैठा किशोर क्या सोच रहा है? स्कूल में अव्वल आने का बोझ, नामी संस्थानों में दाखिले की अंधी दौड़ और फिर दोस्तों के बीच खुद को कूल दिखाने की होड़। इन सबके बीच उनका मासूम और असली व्यक्तित्व कहीं खो जाता है। वे बोलना चाहते हैं, चीखना चाहते हैं, लेकिन डरते हैं कि कहीं उन्हें कमजोर या बीमार न समझ लिया जाए। हमारे समाज में आज भी शारीरिक चोट तो दिखती है, लेकिन मन के घावों पर बात करना अच्छा नहीं माना जाता। यही चुप्पी किशोरों को अंदर ही अंदर तोड़ देती है।

बीते कुछ वर्षों में तकनीक पर निर्भरता ने स्थितियां और जटिल कर दी हैं। स्क्रीन पर घंटों समय बिताने से वास्तविक मानवीय संवाद कम हो गया है। एक ही छत के नीचे, एक ही मेज पर खाना खाते हुए भी माता-पिता और बच्चों के बीच बातचीत की दूरी बढ़ती जा रही है। किशोरों की चिड़चिड़ाहट, नींद न आना, अचानक चुप हो जाना या खाने की आदतों में बदलाव को अक्सर अनुशासनहीनता या गुस्सा मान लिया जाता है। जबकि हकीकत में ये उनके अशांत मन की पुकार और खराब मानसिक स्वास्थ्य के शुरूआती लक्षण हो सकते हैं। उन्हें इस वक्त डांट या उपदेश की नहीं, बल्कि एक ऐसे भरोसेमंद दोस्त की जरूरत है जो उन्हें बिना किसी फैसले के सुन सके। शिक्षा व्यवस्था और करियर का दबाव भी एक गंभीर चिंता है। केवल अंकों के आधार पर सफलता का पैमाना तय कर देने वाली मानसिकता किशोरों के आत्मविश्वास की हत्या कर देती है। हमें एक समाज के रूप में यह समझना होगा कि हर बच्चा एक ही सांचे में नहीं ढल सकता। किसी के पास संगीत की अद्भुत लय होती है, तो किसी के पास रंगों की समझ या खेलों का जुनून। उनके भीतर छिपे उस अनूठे हुनर को पहचानना और उन्हें हार को सहजता से स्वीकार करना सिखाना ही मानसिक मजबूती की पहली सीढ़ी है। सफलता की कहानियों के साथ-साथ उन्हें संघर्ष और विफलता से उबरने की कहानियां सुनाना भी उतना ही जरूरी है।

इस विशेष दिवस पर हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम अपने बच्चों के लिए एक ऐसा सुरक्षित वातावरण तैयार करेंगे जहां वे अपनी गलतियों पर शर्मिंदा न हों। डिजिटल दुनिया से बाहर निकलकर प्रकृति और शारीरिक खेलों से उनका नाता फिर से जोड़ना होगा। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने व्यस्त शेड्यूल से कुछ वक्त निकालकर बच्चों के साथ बिना किसी एजेंडे या मोबाइल के बैठें। उनकी छोटी-छोटी समस्याओं को ह्यबचपनाह्न कहकर खारिज न करें। कभी-कभी सिर्फ यह कहना कि मैं तुम्हारी बात समझ रहा हूँ और मैं हर हाल में तुम्हारे साथ हूँ, किसी भी महंगी थेरेपी से बड़ा असर कर जाता है। अंततः, किशोर मानसिक स्वास्थ्य केवल डॉक्टरों या विशेषज्ञों का विषय नहीं है, बल्कि यह एक साझा सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि हम चाहते हैं कि देश का भविष्य मानसिक रूप से सशक्त और संतुलित हो, तो हमें उनकी वैचारिक उर्वरता और मन की शांति का निवेश आज ही करना होगा। याद रखिए, एक स्वस्थ और शांत मन ही एक सफल जीवन का असली आधार है।

## एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की किताब में न्यायपालिका के भ्रष्टाचार पर विवादित पाठ

**प्रमोद भार्गव**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) की पाठ्य पुस्तकों में धर्म, इतिहास और प्राचीन भारतीय विज्ञान व ज्ञान परंपरा से संबंधित यदि कोई पाठ जोड़ा जाता है, तो वह अक्सर विवाद का कारण बनता है। यहां तक कि लोकसभा में हंगामा होता है और बदले गए पाठों वाली पुस्तकें जलाई जाती हैं। लेकिन अब एनसीईआरटी ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्य पुस्तक में एक नया पाठ जोड़कर ह्यआ बैल मुझे मारह्न कहावत को चरितार्थ किया है। इस पाठ के जरिए अब विद्यालयों में विद्यार्थियों को कम उम्र से ही न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और लंबित मामलों के साथ-साथ वास्तविक चुनौतियों से भी परिचित कराया जाएगा। इसमें मुकदमों का बोझ एवं न्यायाधीशों की कमी पर भी विस्तार से चर्चा की गई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश की अदालतों में भ्रष्टाचार है। कुछ समय पहले ही एक न्यायाधीश के निवास पर करोड़ों रुपये मिलने के बाद उन पर महाभियोग चलाने की बात भी उठी थी, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में है। शायद इसीलिए इस पाठ में जवाबदेही के साथ महाभियोग प्रक्रिया का भी ज्ञान दिया गया है। लेकिन क्या इससे भी बदतर स्थिति कार्यपालिका और विधायिका में नहीं है? यदि इस पाठ में संविधान के इन स्तंभों को भी जोड़ दिया जाता तो शायद यह पहल निर्विवाद रहती। लेकिन ऐसा न करके एनसीईआरटी ने बेवजह एक नए विवाद को आमंत्रित कर दिया है। हालांकि वकीलों द्वारा आपत्ति जताए जाने और सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में लिए जाने के बाद इस पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। न्यायपालिका ने इसे न्यायपालिका को सुनियोजित ढंग से बदनाम करने की साजिश माना है।

न्यायालयों में पर्याप्त भ्रष्टाचार है, लेकिन बिना किसी साक्ष्य के उस पर बात करना उचित नहीं है। जहां तक न्यायालयों में लंबित मुकदमों और न्यायाधीशों की कमी की बात है तो अदालतें स्वयं ही आंकड़े प्रस्तुत करती रहती हैं। इन कमियों को सामने लाना न्यायपालिका की पारदर्शिता को दशार्ता है। लेकिन लगभग यही स्थिति देश के राजस्व न्यायालयों में भी है, जिन्हें नायब तहसील, तहसील, एसडीएम, जिलाधीश और आयुक्त न्यायालय संचालित करते हैं। ह्यहमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिकाह्न अध्याय में उल्लेखित है कि ह्यन्यायाधीश आचार संहिता से बंधे होते हैं, जो उनके न्यायालय के भीतर और बाहर दोनों प्रकार के आचरण को नियंत्रित करती है।ह्न पुस्तक में यह भी दर्ज है कि कई स्तरों पर भ्रष्टाचार के अनुभव देखने में आते हैं, जिससे गरीब और वंचित वर्ग के लोगों की न्याय तक पहुंचने की उम्मीद प्रभावित होती है। परंतु यहां सवाल उठता है कि राजस्व न्यायालयों में यह स्थिति और भी ज्यादा खराब है। इनमें तो भूमि स्वामी तक का नाम बदल दिया जाता है।

## फिर पिंजरे का तोता साबित हुई सीबीआई

**प्रमोद भार्गव**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेषालय (ईडी) की कार्यप्रणाली पर कई बार सवाल उठे हैं। इससे उसकी साख पर बट्टा लगता है। लेकिन इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि देष की सबसे बड़ी जांच एजेंसियां राजनीतिक प्रभाव से मुक्त होकर कार्यप्रणाली विकसित नहीं कर पा रही हैं? सीबीआई द्वारा दायर आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत 23 लोगों को आबकारी नीति घोटाला मामले में आरोप मुक्त कर दिया। यही नहीं सीबीआई से नाराजगी जताते हुए कहा कि उसके द्वारा पेष आरोप-पत्र न्यायिक समीक्षा में खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा। इस प्रकरण के आरोपियों में तेलंगाना के तत्कालीन मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता भी षामिल हैं। विषेश न्यायाधीष जितेंद्र सिंह ने यहां तक कहा कि ह्यइस अदालत को यह स्वीकारने में कोई संकोच नहीं है कि प्रस्तुत दस्तावेजों से मिली जानकारी से किसी भी आरोपी के विरुद्ध पहली दृश्टि में कोई मामला बनता ही नहीं है। यह जांच पहले से तय किए रास्ते पर आगे बढ़ी, जिसमें नीति बनाने या लागू करने से जुड़े हर व्यक्ति को फंसाया गया। ताकि एक कमजोर कहानी को भरोसे का भ्रम दिया जा सके। इस नीति को गोवा चुनावों से जोड़ना भी कानूनी रूप से विधि सम्मत नहीं है।ह्य एक लोकसेवक को बिना पर्याप्त साक्ष्यों के आरोपी बनाने के इस दुर्लभ मामले में अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच और कार्यवाही की सिफारिष की है। फिलहाल सीबीआई ने अपनी कमजोरी पर पर्दा डालने के नजरिए से इस मामले की उच्च न्यायालय दिल्ली में अपील जरूर कर दी है, लेकिन फैसले में कोई बड़ा बदलाव मुमकिन नहीं लगता? वैसे भी ईडी के मामलों में सजा की दर एक हजार में मात्र दो को ही हो पाती है।




राजनीतिक आकाओं के अनुसार काम करने लिए बदनाम देष की सबसे बड़ी जांच एजेंसी पर इसी नीति से जुड़े मामले में तब भी सवाल उठे थे, जब जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका स्वीकार की थी। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति उज्जवन भुइयां को कहना पड़ा था कि ह्यसीबीआई को पिंजरे में बंद तोते की छवि तोड़नी चाहिए। उसे दिखाना चाहिए कि वह पिंजरे में बंद नहीं, बल्कि स्वतंत्र एवं ईमानदार जांच एजेंसी है। उसे रत्तीभर भी षक के दायरे में नहीं होना चाहिए।ह्य न्यायालय ने आगे कहा था कि ह्यजमानत नियम और जेल अपवाद है। कानून का प्रयोग किसी के उत्पीड़न के लिए नहीं हो सकता है।

सीबीआई ने केजरीवाल को इसलिए गिरफ्तार किया, ताकि प्रवर्तन निषालय (ईडी) के मामले में केजरीवाल को मिली जमानत खारिज हो जाए।ह्य पीठ के दूसरे न्यायाधीश सूर्यकांत ने भी अपने आदेश में कहा था कि केजरीवाल जमानत की षर्तें पूरी करते हैं। अतएव सीबीआई की यह दलील उचित नहीं है कि जमानत के लिए विचारण न्यायालय (ट्रायल कोर्ट) जाना चाहिए। उन्हें ईडी के प्रकरण में भी जमानत मिली है। इसलिए उन्हें हिरासत में रखना अस्वीकार्य है।ह्य साफ है, जमानत के समय भी इस मामले की संदिग्धता सामने आ गई थी।

सीबीआई पर पिंजरे में बंद तोते और सरकार की कठपुतली होने के आरोप पहले भी लगते रहे हैं। 9 मई 2013 को कोयला घोटाले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति आरएस लोढ़ा की पीठ ने कहा था कि ह्यसीबीआई पिंजरे में बंद तोते की तरह है, यह वही बात दोहराती रहती है, जो उसके मालिक कहते हैं। यह एक ऐसी अनैतिक कहानी है, जिसमें एक तोते के कई मालिक हैं। कोयला घोटाले की रिपोर्ट में अधिकारियों के कहने पर भी बदलाव हुआ है।ह्य देश के राजनेता और दल सीबीआई पर नाजायज दबाव डालकर अपने तात्कालिक राजनीतिक हितों की पूर्ति करते हैं, यह अब कोई दबी-छिपी बात नहीं रह गई है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के जितने भी राश्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय दल हैं, लगभग सभी परोक्ष-अपरोक्ष रुप से सत्ता में हिस्सेदारी कर चुके हैं और सत्ता से बाहर होने के बाद सत्ता पक्ष पर सीबीआई का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते रहे हैं। मसलन अपरोक्ष रूप से वे अपने ही अनुभव प्रकट करते हैं। संसद में एफडीआई पर महाबहस के दौरान सपा और बसपा के मतदान में हिस्सा नहीं लेने पर भाजपा नेत्री सुशमा स्वराज ने संसद में बयान देते हुए कहा था कि यह स्थिति एफडीआई बनाम सीबीआई की लड़ाई बना देने के कारण उत्पन्न हुई है। इसके बाद सीबीआई के पूर्व निदेषक उमाषंकर मिश्रा ने एक बयान देकर आग में घी डालने का काम कर दिया था। उनके मुताबिक 2003 से 2005 के बीच जब वे सीबीआई प्रमुख थे, तब उत्तर प्रदेष की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती से जुड़ा ताज कॉरीडोर मामले की जांच का प्रकरण उनके पास था। इस सिलसिले में मायावती के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच चल रही थी। जांच में हमने पाया था कि मायावती के माता-पिता के बैंक खातों में इतनी ज्यादा रकम जमा थी कि उनकी आय के स्त्रोत की पड़ताल जरुरी थी, लेकिन केंद्र के दबाव के सामने वे निश्पक्ष जांच नहीं कर पाए। मसलन जांच लटका दी गई। यहां गौरतलब है कि मार्च 1998 से 2004 तक केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी और 22 मई 2004 को प्रधानमंत्री मनमोहन की सरकार वजूद में आ गई थी। मसलन संप्रग और राजग दोनों ने ही अपने हितों के लिए सीबीआई का दुरुपयोग किया।

## कर्नलगंजमें कमरेमें मृत मिली प्रतियोगी छात्रा

**आजमगढ़ जनपदकी रहने वाली थी नीता, कोचिंग भी पढ़ाती थी**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र के ढररिया में होली के दिन बंद कमरे में एक प्रतियोगी छात्रा का शव मिलने से हडकंप मच गया। कर्नलगंज पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से जांच की। गुरुवार को मृतका के शव को पोस्टमार्टम हुआ। सूत्रों की माने तो विसरा प्रिजर्व किया गया है

आजमगढ़ जनपद के बरामद अहिरौल निवासी ३१ वर्षीय नीता मौर्या तीन बहनों में छोटी थी। उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। वह कर्नलगंज स्थित ढररिया में किराये का कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी और साथ ही बच्चों को कोचिंग भी पढ़ाती थी। मृतका के परिजनों के मुताबिक वह १५ दिन पहले घर से आयी थी सब ठीक था तीन दिन पहले बात भी हुई थी। होली के दिन यानी बुधवार को वह काफी देरतक कमरे से नहीं निकली तो आसपास के लोगों ने कमरा मालिक को सूचित किया और पुलिस को जानकारी दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो नीता मौर्या विस्तर में मृत पड़ी थी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच की। गुरुवार को मृतका का पीएम होने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर चले गये।

## फेसबुक पर अदालत व जजों पर अभद्र टिप्पणी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** सोशल मीडिया पर न्यायालय और न्यायाधीशों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना एक युवक को भारी पड़ गया। हाईकोर्ट के आदेश पर कैंट थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अदालत ने पुलिस को 16 मार्च तक आरोपी को ट्रेस कर पेश करने का निर्देश दिया है।

हाईकोर्ट चौकी प्रभारी विनय कुमार शुक्ला की तहरीर पर कैंट थाने में आरोपी फेसबुक अकाउंट अश्वनी अंबेडकर मूलनिवासी के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि अश्वनी अंबेडकर मूलनिवासी नाम के फेसबुक अकाउंट से देश की अदालत और न्यायाधीशों के बारे में अमर्यादित व आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। मामला संज्ञान में आने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त को कार्रवाई के निर्देश जारी किए। पुलिस अब सोशल मीडिया अकाउंट के आधार पर आरोपी की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है। कैंट थाना पुलिस इस मामले में साइबर सेल की मदद ले रही है, ताकि फेसबुक अकाउंट संचालित करने वाले व्यक्ति की सही पहचान हो सके। कैंट थाना प्रभारी अमरनाथ राय ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# संकीर्तन आत्मा को शुद्ध कर उसे भगवान की प्रेमाभक्ति से जोड़ देता है : चंचलापति दास

**चंद्रोदय मंदिर में महाभिषेक, संकीर्तन और पुष्प होली का अलौकिक संगम**





**मथुरा।** ब्रजमंडल की विश्वविख्यात होली के उल्लास के मध्य फाल्गुन पूर्णिमा के पावन दिवस पर श्री चैतन्य महाप्रभु का 540वां प्राकट्य महोत्सव वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में दिव्य आध्यात्मिक आभा के साथ संपन्न हुआ। प्रातःकाल से ही मंदिर प्रांगण में भक्तों की अविरल धारा प्रवाहित होती रही। नवीन प्रांगण में सुसज्जित फूल बंगला, छप्पन भोग, भव्य पालकी उत्सव, दिव्य महाभिषेक, अखंड हरिनाम संकीर्तन और पुष्पों की होली ने वातावरण को कृष्णमय बना दिया। महाभिषेक के दिव्य दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्ति-रस से सराबोर वातावरण में "हरि बोल" और "गौर हरि" के जय घोष से सम्पूर्ण परिसर गूंज उठा। देश के विभिन्न नगरों मथुरा, आगरा, लखनऊ, दिल्ली, गुरुग्राम, जयपुर, हरियाणा, ग्वालियर एवं मुरैना से आए भक्तों ने इस अद्भुत आध्यात्मिक उत्सव में सहभागिता की।

इस अवसर पर चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास ने कलियुग में हरिनाम संकीर्तन की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रीमद्भागवतम् के द्वादश स्कंध से उद्धृत प्रसिद्ध श्लोक प्रस्तुत किया। चंचलापति दास ने श्लोक का भावार्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि यद्यपि कलियुग समस्त दोषों का भंडार है, तथापि इसमें एक महान गुण निहित है। केवल भगवान श्रीकृष्ण के नाम का संकीर्तन करने मात्र से मनुष्य समस्त सांसारिक आसक्तियों से मुक्त होकर परम धाम को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक पराक्रमी राजा असंख्य दस्युओं का विनाश कर देता है, उसी प्रकार हरिनाम संकीर्तन मनुष्य के जीवन में संचित दोषों और पापों का नाश कर देता है। संकीर्तन आत्मा को शुद्ध कर उसे भगवान की प्रेमाभक्ति से जोड़ देता है।

मंदिर परिसर में सुसज्जित फूल बंगले की सुरभि और छप्पन भोग की दिव्य रचना ने भक्तों को अलौकिक अनुभव प्रदान किया। पालकी उत्सव में गौरांग महाप्रभु की मनोहारी झांकी ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। पुष्पों की वर्षा के मध्य जब हरिनाम संकीर्तन हुआ, तब ऐसा प्रतीत हुआ मानो सम्पूर्ण ब्रजभूमि स्वयं प्रेम-रस में स्नान कर रही हो।

## श्री काशी विश्वनाथ धाम में शिवभक्तों ने खेली फूलों की होली,भक्तों में उल्लास,गर्भगृह में चढ़ा गुलाल

**वाराणसी।** रंगों के पर्व होली पर बुधवार शाम उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी (वाराणसी) स्थित श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेली। मंदिर में कतारबद्ध श्रद्धालुओं पर भी गुलाब की पंखुड़िया बरसाई गई। धाम परिसर में शिवभक्ति भरे गीतों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु देर तक थिरकते रहे। फूलों से सजी होली धाम परिसर के शंकरचार्य चौक पर आयोजित की गई। पर्व पर मंदिर न्यास की ओर से मंदिर के गर्भगृह में स्थित बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग पर गुलाल अर्पित किया गया। गर्भगृह परिसर गुलाल से रंगा नजर आया।

उधर,परम्परानुसार होली पर्व पर शाम चौसट्टीघाट स्थित चौसट्टी देवी के दरबार में अबीर गुलाल चढ़ाने आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लोग अपरान्ह से ही दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचने लगे । महिला

## 8 को लगेगा महिला रोजगार मेला

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला अभ्यर्थियों हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज परिसर में 8 मार्च को प्रातः 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में निजी क्षेत्र की सिद्धि इन्फोटेक, वी 5 ग्लोबल, महिंद्रा लिमिटेड, एक्सिस बैंक, जेसीबी इंडिया लिमिटेड आदि 18 कंपनियों द्वारा 4000 से अधिक पदों पर वेतनमान 12500 से 33000 रुपए तक के लिए चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में हाई स्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, बीसीए, एमसीए उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार महिला अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकती हैं। रोजगार मेले में महिला अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल (roj-gaarsangam.up.gov.in) पर पंजीयन करके अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, अंक पत्र, एवं जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकती हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों से संबंधित विस्तृत विवरण रोजगार संगम पोर्टल पर प्राप्त कर सकती हैं। इस मेले में प्रतिभाग हेतु यात्रा भत्ता दे नहीं होगा।

## यूपी बोर्ड पेपर लीक की अफवाह फैलाने वाले चार यूट्यूबर पर मुकदमा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर यूट्यूब पर भ्रामक खबर और वीडियो वायरल करने के मामले में चार यूट्यूबर के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि इन चैनलों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के प्रश्नपत्र लीक होने का दावा कर अफवाह फैलाई गई। इससे परीक्षार्थियों और अभिभावकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह की तहरीर पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यूट्यूब चैनलों के संचालकों की पहचान कर उन्हें ट्रेस करने में जुटी है। तहरीर में कहा गया है कि कुछ यूट्यूब चैनलों ने बोर्ड परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने की भ्रामक खबर और वीडियो प्रसारित किए। इससे न केवल परीक्षार्थियों व अभिभावकों में दहशत और भ्रम की स्थिति बनी, बल्कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की छवि भी धूमिल करने की कोशिश की गई। पुलिस ने जिन यूट्यूब चैनलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, उनमें ह्यटारगेट बोर्ड आटर्स क्लासह्ल, ह्यऑनलाइन स्टडी विथ दीवाकर सरह्ल, ह्यसम्राट एकाडमीह्ल और ह्यसाइंस की पढ़ाईह्ल शामिल हैं। साइबर क्राइम थाना प्रभारी ओम नारायण गौतम का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चैनलों को संचालित करने वालों की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## टी-20 विश्वकप क्रिकेट का उत्साह, सेमीफाइनल में भारत की जीत के लिए मां गंगा की आरती कर की कामना



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में गंगा नदी की निर्मलता के लिए लोगों को जागरूक करने वाले नमामि गंगे के सदस्यों ने गुरूवार को टी-20 विश्वकप क्रिकेट के सेमीफाइनल में भारतीय टीम की जीत के लिए मां गंगा की आरती की। सामाजिक कार्यकताओं ने भारतीय क्रिकेटरों की तस्वीर और राष्ट्रध्वज के साथ शंखनाद कर भारतीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

दरअसल, टी-20 विश्वकप क्रिकेट प्रतियोगिता में भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। सेमीफाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम का मजबूत टीम इंग्लैंड के साथ आज खेला जाएगा गुरुवार को ललिता घाट प्रातः नमामि गंगे के सदस्यों के भारत माता की जय, चक दे इंडिया, जीतेगा भाई जीतेगा- हिन्दुस्तान जीतेगा, बढ़ते चलो के गगन भेदी उद्घोष से गूंज उठा। सेमीफाइनल में इंग्लैंड की टीम पर भारतीय टीम की जीत के लिए श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर नमामि गंगे के सदस्यों ने बाबा विश्वनाथ से भारतीय टीम की जीत के लिए कामना की।

सदस्यों के साथ माताओं, बहनों, बुजुर्गों, युवाओं ने मिलकर टीम इंडिया के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर राजेश शुक्ला ने कहा कि अगर भारत को फाइनल का टिकट चाहिए, तो इंग्लैंड के खिलाफ साधारण नहीं, बल्कि "खास" प्रदर्शन करना होगा। भारत के 140 करोड़ लोगों की कसौटी पर मेहनत से खरा उतरना होगा ।

श्री काशी विश्वनाथ और मां गंगा से प्रार्थना है कि भारतीय क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में विजयी होकर फाइनल में पहुंचे । प्रार्थना और उत्साहवर्धन के दौरान मनीष शर्मा, निशि गर्ग, उत्कर्ष केसरी, संजय गर्ग, अमन आदि उपस्थित रहे।

## जीआरपी की बड़ी कार्रवाई : 9.800 किलो गांजा के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार




**बांदा।** ट्रेनों और प्लेटफार्मों पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जीआरपी बांदा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में जीआरपी थाना बांदा पुलिस ने एक शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 9.800 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 4 लाख 90 हजार रुपये बताई जा रही है।

थानाध्यक्ष शिवबाबू के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल मुनेश बाबू, कांस्टेबल प्रारूप कुमार, रोहित यादव, धर्मपाल, प्रवेंद्र कुमार तथा आरपीएफ पोस्ट बांदा के उपनिरीक्षक अतुल कुमार व कांस्टेबल तेज सिंह की संयुक्त टीम द्वारा मालगोदाम के अतर्रा एंड की ओर रेलवे स्टेशन बांदा क्षेत्र में कार्रवाई की गई।

# आजमगढ़ में दो मुठभेड़ में 2 घायल गोतस्कर समेत चार गिरफ्तार

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में गौतस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीती रात पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले के निजामाबाद और फूलपुर थाना क्षेत्रों में पुलिस और गौतस्करों के बीच दो अलग-अलग मुठभेड़ हुई। दोनों घटनाओं में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत चार गौतस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जिसमे से दो तस्कर गोली लगने से घायल हो गए। इनके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, चापड़, मोबाइल और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

पहली मुठभेड़ निजामाबाद थाना क्षेत्र में हुई जब देर रात पुलिस रंगभरी होली के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। देर रात पुलिस को सूचना मिली कि गौवध निवारण अधिनियम के मुकदमे में वांछित अभियुक्त मेराज अपने साथी नासिर के साथ बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल से छुट्टा पशुओं की तलाश में नेवादा की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने नेवादा पुल के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार वहां पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे भागने लगे। पीछा किए जाने पर आरोपियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दिया। पुलिस ने कई बार आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन बदमाश फायरिंग करते रहे। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें मेराज के दाहिने पैर में गोली लग गई। घायल मेराज को नेवादा पुल के पास झाड़ियों से गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया, जबकि उसका साथी नासिर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से अवैध तमंचा, कारतूस, मोबाइल, 840 रुपये नगद और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

सीओ सदर आस्था जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार मेराज एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है और उसके खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर समेत 17 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

वहीं दूसरी मुठभेड़ फूलपुर थाना क्षेत्र में हुई।

## बरेली में होली की रात बाजार में फंदे से लटका मिला टेंट कारोबारी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**बरेली ।** उत्तर प्रदेश के बरेली शहर के हाफिज गंज थाना क्षेत्र में होली की रात एक टेंट कारोबारी का शव उसकी ही मार्केट में दुकान के सामने टिनशेड की पाइप से लटका मिला। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। परिजनों ने हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

उतरनपुर गांव निवासी 32 वर्षीय हरपाल मौर्य पीलीभीत हाईवे किनारे स्थित मौर्य मार्केट के मालिक थे। यहां उनकी करीब 20 दुकानें हैं, जिनमें कई किराये पर दी गई हैं। हरपाल खुद टेंट का कारोबार करते थे। परिजनों के अनुसार बुधवार को दिन में उन्होंने परिवार और परिचितों के साथ होली खेली थी। शाम के समय वह अपनी मार्केट पर चले गए थे। बताया जा रहा है कि रात करीब आठ बजे बाजार से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर दुकान के सामने टिनशेड के पाइप से लटके शव पर पड़ी। यह देखकर इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया।

परिजनों का आरोप है कि हरपाल की हत्या की गई है और बाद में साजिश के तहत शव को फंदे से लटका दिया गया। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश भी दिखाई दिया।

## यूपी के जौनपुर में होटल में लगी आग, सभी फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला गया





**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर में लाइन बाजार थाना अंतर्गत वाजिदपुर तिराहे पर स्थित एक चार मंजिला होटल उत्सव मोटल के निचले हिस्से में गुरुवार सुबह आग लग गई। सुबह करीब आठ बजे लगी इस आग के कारण धुएं का गुबार दूर तक फैल गया। इलाके में हड़कंप मच गया। दमकलकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग इतनी भीषण थी कि इसकी लपटें और धुआं बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर चल रहे जिम तक पहुंच गयी। होटल मालिक आशुतोष सिंह ने आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन बड़ी गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया। होटल के अंदर कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। तीसरी मंजिल पर जिम कर रही कुछ महिलाओं को भी रेस्क्यू टीम द्वारा सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग की गंभीरता को देखते हुए आसपास की इमारतों के मालिकों ने एहतियात के तौर पर अपने प्रतिष्ठानों की बिजली आपूर्ति तुरंत बंद कर दी।

प्रत्यक्षयदर्शी पुलिस विभाग में आरक्षी गायत्री प्रसाद यादव ने बताया कि सुबह आठ बजे के लगभग वह टहल रहे थे। होटल से धुएं को निकलता देख वहां भागकर गया तो देखा जबरदस्त आग लगी थी। ऊपर के मंजिल से कांच के टुकड़े पिघलकर नीचे गिर रहे थे। गोदाम में रखे भरे हुए सिलेंडर और अन्य सामान को निकालने में मुश्किल हो रही थी। फिलहाल भरे सिलेंडरों को पहले वहां से दूर हटाया गया। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। जिम कर रही महिलाओं को तीसरे मंजिल से तुरंत हटाया गया। भगवान का शुक्र है कि कोई जनहानि नहीं हुई है।

सीएफओ आर. पी. राय ने बताया कि सुबह आठ बजे आग की सूचना मिली थी।

तुरंत ही फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा

## प्रयागराज में होली पर्व सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस अलर्ट



**प्रयागराज।** होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रयागराज पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस उपायुक्त नगर ने अधिकारियों के साथ शहर के संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले इलाकों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रयागराज में 6 मार्च तक होली पर्व मनाया जाएगा।

पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने अपर पुलिस उपायुक्त नगर व एसीपी कोतवाली के साथ लोकनाथ, ठठेरी बाजार समेत मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों और अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया।

भ्रमण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि होली पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे और आमजन सुरक्षित माहौल में त्योहार मना सकें।

पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

# मध्य पूर्व संकट: 'बहुत शुक्रगुजार हूं', भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु सुरक्षित घर लौटीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण फ्लाइट ऑपरेशन सस्पेंड होने के बाद तीन दिन तक दुबई में फंसी रहने के बाद सुरक्षित घर लौट आई हैं। सिंधु मंगलवार से शुरू होने वाले मशहूर ऑल इंग्लैंड ओपन के लिए बर्मिंघम जा रही थीं और रास्ते में दुबई में उनका एक लेओवर था। लेकिन दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण फ्लाइट में बड़ी रुकावट के कारण दुबई एयरपोर्ट पर फंस गईं।

सिंधु ने X पर पोस्ट किया, 'बैंगलोर में घर वापस आ गई हूं और सुरक्षित हूं। पिछले कुछ दिन बहुत मुश्किल और अनिश्चित रहे हैं, लेकिन मैं अपने घर वापस आकर सच में बहुत शुक्रगुजार हूं। शानदार ग्राउंड टीमों, दुबई अथॉरिटीज, एयरपोर्ट स्टाफ, इमिग्रेशन और हर उस इंसान का दिल से शुक्रिया जिन्होंने इस मुश्किल समय में आगे आकर हमारा इतना अच्छा ख्याल रखा। हमदर्दी और प्रोफेशनलिज्म शब्दों से कहीं ज़्यादा मायने रखता है। अभी के लिए आराम करने, खुद को रीसेट करने और अगले कदम तय करने का समय है।'

इससे पहले सिंधु ने सोमवार को दुबई से अपना डरावना अनुभव शेयर करते हुए कहा था कि पिछले कुछ घंटे 'बहुत टेंशन वाले' रहे हैं क्योंकि दुबई एयरपोर्ट पर जहां वह और उनकी टीम छिपी हुई थीं, उसके बहुत करीब इंटरसेप्शन और धमाकों की आवाजें आ रही थीं। सिंधु ऑल इंग्लैंड ओपन में हिस्सा नहीं ले पाईं, जहां उन्हें पहले राउंड में थाईलैंड की सुपनिडा कटेथोंग से भिड़ना था, लेकिन उनके कुछ साथी शटलर बिना किसी ट्रैवल प्रॉब्लम के बर्मिंघम पहुंचने में कामयाब रहे।




# भारत और इंग्लैंड की टीमें एक दूसरे को बखूबी जानती हैं : सैम करन




**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल से पहले इंग्लैंड के सैम करन ने कहा कि दोनों टीमें एक दूसरे के खिलाफ इतना खेल चुकी हैं कि कुछ छिपाने के लिये नहीं है लेकिन उन्हें अपनी टीम से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है । इंग्लैंड ने 2022 में भारत को सेमीफाइनल में दस विकेट से हराने के बाद खिताब जीता था जबकि भारत ने 2024 में इंग्लैंड को 78 रन से हराने के बाद खिताब जीता था।

करन ने वानखेड़े स्टेडियम पर इंग्लैंड के अभ्यास सत्र से पहले कहा, 'इस मैदान पर हम काफी खेल चुके हैं लिहाजा कुछ छिपा नहीं है।' उन्होंने कहा, 'हमारे पास अभ्यास के लिये दो दिन का समय है जिससे हालात के अनुकूल ढलने में मदद मिलेगी। इन स्टेडियमों में हम इतना खेल चुके हैं कि अलग अलग हालात की आदत हो गई है। हम भारतीय खिलाड़ियों के साथ बहुत खेलते हैं तो कुछ भी छिपा नहीं है।'

इंग्लैंड का इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन उतार चढाव भरा रहा है जिसने नेपाल को बमुश्किल चार रन से हराया। सुपर आठ में पाकिस्तान को दो विकेट से मात दी। करन ने कहा, 'पिछला प्रदर्शन अब मायने नहीं रखता। यह विश्व कप सेमीफाइनल है और हम इसमें अपना परफेक्ट खेल दिखाएंगे।'

वानखेड़े स्टेडियम पर भारत के समर्थकों का शोर रहेगा लेकिन करन को पता है कि उन्हें खामोश कैसे करना है। उन्होंने कहा, 'यह शानदार स्टेडियम है। मुझे यकीन है कि बृहस्पतिवार की रात यह स्टेडियम खामोश रहेगा। भारतीय टीम शानदार है लेकिन हमारे अधिकांश खिलाड़ियों ने उसके खिलाफ और आईपीएल में खेला है। हम किसी चीज से भयभीत नहीं हैं और दोनों टीमें सेमीफाइनल की चुनौती को लेकर रोमांचित होंगी।'

# आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में मंधाना शीर्ष पर पहुंची




**–गेंदबाजी रैंकिंग में अलाना किंग नंबर एक पहुंची**

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना नंबर एक स्थान पर पहुंच गयी हैं। मंदाना को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। वहीं दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट दूसरे नंबर पर खिसक गयी हैं। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज़ में 58 और 31 रन रन बनाये थे जिससे उनके रेटिंग अंक 790 हो गये हैं। । इसके साथ वह वोल्वार्ड्ट के 782 अंकों से आगे निकल गयी हैं। बेथ मूनी 745 अंकों के साथ ही तीसरे नंबर पर हैं।

वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तान एलीसा हीली चौथे नंबर पर बनी हुई हैं। हीली ने अपने करियर के अंतिम एकदिवसीय में शतक लगाया था। हीली के 744 रेटिंग पॉइंट्स हैं जबकि बेथ मूनी के 749 और एसलीगेह गार्डनर के 724 अंक हैं। वहीं भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चार स्थान ऊपर आकर शीर्ष दस में पहुंच गयी हैं। वह नौवें स्थान पर हैं। भारत की ही मिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर बनी हुई हैं।

वहीं गेंदबाजी रैंकिंग में भी काफी बदलाव आया है। ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर अलाना किंग 775 रेटिंग अंक के साथ नंबर-1 बन गई हैं। उन्होंने लगभग चार साल तक नंबर एक पर रहीं। सोफी ऐसलेस्टोन को पीछे छोड़ दिया। अलाना ने सीरीज़ में 16.71 की औसत से सात विकेट लिए, जिसमें तीसरे एकदिवसीय में चार विकेट शामिल हैं। इसके अलावा

ऑलराउंडरों की रैंकिंग में एशलेगाह गार्डनर 516 अंकों के साथ नंबर-1 पर हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज की हेली मैथयूज (418) पर लगभग 100 अंकों की बढ़त बनायी है। भारत की दीप्ती शर्मा गेंदबाजी रैंकिंग में 10वें और ऑलराउंडर सूची में पांचवें स्थान पर मौजूद हैं।

# टी20 विश्वकप : आज पहले सेमीफाइनल में होगा दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड का मुकाबला

**कोलकाता (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के पहले सेमीफाइनल में बुंधवार को पिछले बार की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। इस मुकाबले को जीतकर दोनो ही टीमें फाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेंगी।




दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मैच जीतकर यहां तक का सफर तय किया है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छे फार्म में हैं। जिससे उसी जीत की दावेदारी मजबूत है। वहीं दूसरी ओर कीवी टीम भी कम नहीं है। वह भी इस बार खिताबी मुकाबले में पहुंचने पूरी ताकत लगा देगी। न्यूजीलैंड की टीम ग्रुप स्तर पर अफ्रीकी टीम के हाथों मिली हार से उबरकर इस मैच में अपनी ओर से जीत का पूरा प्रयास करेगी। वहीं न्यूजीलैंड की टीम मुश्किल से सेमीफाइनल तक पहुंची है। इससे उसे अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सुधार करना होगा।

अफ्रीकी टीम ने सुपर 8 स्टेज में शानदार प्रदर्शन के बाद यहां पहुंची हैं, इसमें उन्होंने पहले पिछले बार की विजेत भारत को 76 रन से हराया था। इसके बाद वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराने के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ करीबी जीत के साथ सुपर 8 चरण का अंत किया।

दूसरी ओर न्यूजीलैंड का सुपर 8 अभियन सामानय रहा जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ उनका पहला मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था। टीम ने श्रीलंका के खिलाफ अपने अगले मैच में 61 रन से जीत दर्ज की। वहीं उसे इंग्लैंड के खिलाफ करीबी हार का सामना करना पड़ा पर अच्छे नेट रन रेट के साथ वह अंतिम चार में आ गयी।

**विश्वकप में कभी नहीं जीत पायी कीवी टीम**

वहीं अगर टी20 विश्व कप के आंकड़ों को देखें तो दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड का 5 बार आमना-सामना हुआ है। विश्व कप में हर बार आंकड़ों पर नजर डालें तो दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी है। अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में अब तक दोनों टीमों का 19 बार मुकाबला हुआ है, जिनमें 12 बार दक्षिण अफ्रीका जीती है जबकि 7 बार ही कीवी टीम जीत हासिल कर पाई है।

दक्षिण अफ्रीका जीता है।

इस बार दक्षिण अफ्रीकी टीम अब तक पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही है। पहले उसने ग्रुप स्टेज में चारों मैच जीतकर टॉप किया, फिर सुपर-8 में भी दबदबा बनाए रखा और अपने तीनों मैच जीते। इससे साफ है कि उसे रोकना कीवियों के लिए काफी कठिन होगा। .

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**दक्षिण अफ्रीका**– एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, मार्को यान्सन, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी, जेसन स्मिथ, जॉर्ज लिंडे, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नॉर्खिया, ट्रिस्टन स्टब्स और रायन रिकल्टन।

**न्यूजीलैंड**– मिचेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फॉर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिमी निशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सईफर्ट, ईश सोढ़ी, काइल जेमिसन, कॉल मैककॉन्ची

## बावुमा को दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिताब जीतने की उम्मीदें

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर टेम्बा बावुमा इस बार टी20 विश्वकप में अपनी टीम के प्रदर्शन से बेहद खुश हैं। वावुमा को उम्मीद है कि इस बार उनकी टीम खिताब अवश्य जीतेगी। दक्षिण अफ्रीका को अब बुधवार को सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से खेलना है। टीम पिछले बार उपविजेता रही थी। तब उसे फाइनल में भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। बावुमा ने कहा कि उनकी टीम ने अपनी सभी कमजोरियों को दूर कर लिया है और वह विश्वकप जीतने की प्रबल दावेदार है। साथ ही कहा कि टीम के पास हर क्षेत्र में मैच का रुख बदलने वाले खिलाड़ी हैं। बावुमा ने कहा है कि अब तक बल्लेबाज एडेन मारक्रम, डेविड मिलर और तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। कप्तान ने कहा, मैं इस विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के प्रदर्शन से काफी उत्साहित हूं। टीम खेल के हर पहलू में काफी मजबूत है। बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कोई कमी नहीं है और खिलाड़ी खिताब जीतने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## छक्के लगाने के मामले में शीर्ष पर हैं अभिषेक




मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन अब तक टी20 विश्वकप में अच्छा नहीं रहा है। इसके बाद भी अभिषेक सबसे कम 331 गेंदों में 50 छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। वहीं दूसरे नंबर पर एविन लुइस और तीसरे पर डेवाल्ड ब्रेविस हैं। इन दोनो ने ही 366 और 368 गेंदों पर अपने 50 छक्के पूरे किये हैं। वहीं चौथे नंबर पर आंद्रे रसेल और पांचवे पर हजरतुल्लाह जजई है। इन दोनो ने ही 409 और 492 गेंदों में अपने 50 छक्के पूरे किये हैं।

छक्के लगाने के मामले में सबसे तेजी से आगे आने वालों में उभरते हुए बल्लेबाज ब्रेविस हैं। उन्होंने आंद्रे रसेल जैसे दिग्गज को पीछे छोड़ा है। जिम्बाब्वे के खिलाफ हाल सुपर 8 के मैच में ब्रेविस ने 18 गेंदों में ही 2 चौके और 4 छक्के लगाकर 42 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 233.33 का था। इसी दौरान ही इस बल्लेबाज ने टी20 क्रिकेट में अपने 50 छक्के भी पूरे किए।

# सूर्यकुमार बने टी20 मे सबसे सफल भारतीय कप्तान

**-50 मैचों में जीत प्रतिशत के मामले में विश्व में दूसरे नंबर पर**




नई दिल्ली। भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव अब इस प्रारुप में भारतीय टीम के नंबर एक कप्तान बन गये हैं। सूर्यकुमार ने सबसे सफल कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा समेत विराट कोहली और महेन्द्र सिंह धोनी को भी पीछे छोड़ दिया है। सूर्यकुमार का अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जीत का औसत कप्तान के तौर पर सबसे अच्छा हो गया है। अगर देखा जाये तो 50 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले किसी भी कप्तान का जीत औसत इतना नहीं है, जितना की सूर्यकुमार यादव का है। वह सबसे अधिक जीत प्रतिशत के मामले में विश्व के दूसरे कप्तान हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर 8 के अंतिम मैच में उतरते ही सूर्यकुमार 50 मैचों में कप्तानी करने वाले भारतीय कप्तान बन गये। इस मैच में भारतीय टीम को जीत मिली और ये उनकी कप्तानी में टीम की 40वीं जीत थी। इसी के साथ उन्होंने रोहित और विराट का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सूर्यकुमार से पहले भारत के लिए सबसे अधिक जीत प्रतिशत का रिकॉर्ड रोहित के नाम 79.83 का था। सूर्यकुमार का जीत प्रतिशत टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 81.25 है और वह दूसरे नंबर पर हैं। वहीं अफगानिस्तान के असगर अफगान हैं ने 50 से अधिक मैचों में कप्तानी करते की है और उनका जीत प्रतिशत 81.73 का है। वहीं तीसरे नंबर पर भी भारत के ही विराट कोहली हैं, उनकी कप्तानी में जीत प्रतिशत 64.58 का रहा है। वहीं धोनी की कप्तानी में ये 59.28 प्रतिशत रहा है।

# इजरायल-ईरान युद्ध का असर फुटबॉल विश्व कप पर, ईरान की जगह इस टीम को मिल सकता है मौका

**जेनेवा (एजेंसी)।** मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष के बीच आगामी फुटबॉल विश्व कप में ईरान की भागीदारी पर संशय गहरा गया है। अमेरिका की पहल पर क्षेत्र में जारी तनाव को देखते हुए तीन महीने बाद होने वाली इस बड़ी प्रतियोगिता में ईरान का खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। ऐसी स्थिति में उसकी जगह इराक या संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को मौका मिल सकता है।

**अमेरिका में होने हैं ईरान के ग्रुप मैच**

ईरान को ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच अमेरिका में खेलने हैं। उसे ग्रुप जी में रखा गया है, जहां 15 जून को इंग्लेवुड (कैलिफोर्निया) में न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम से मुकाबला करना है। इसके बाद 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच खेलना निर्धारित है।

**बढ़ते संघर्ष से स्थिति जटिल**

अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान द्वारा जवाबी कार्रवाई किए जाने से क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने कतर और सऊदी अरब जैसे अमेरिकी सहयोगी देशों पर मिसाइलें दागीं। इसी बीच, फीफा ने सऊदी अरब को 2034 विश्व कप की मेजबानी सौंपी है।



एशियाई फुटबॉल महासंघ के उपाध्यक्ष और ईरान के शीर्ष फुटबॉल अधिकारी Mehdi Taj ने कहा, 'इस हमले के बाद विश्व कप में भागीदारी को लेकर हम आशान्वित नजरिए से नहीं देख सकते।'

**फीफा की चुप्पी, भविष्य अनिश्चित**

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान 11 जून से शुरू होने वाले विश्व कप के लिए टीम भेजेगा या नहीं, अथवा अमेरिका सरकार उसके प्रवेश पर रोक लगाएगी। फीफा ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। ईरान एशियाई फुटबॉल की मजबूत टीम मानी जाती है और उसने पिछले आठ में से छह विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है।

**आर्थिक नुकसान और संभावित विकल्प**

यदि ईरान विश्व कप से हटता है तो उसके फुटबॉल महासंघ को कम से कम 10.5 मिलियन डॉलर का नुकसान होगा और उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। ऐसी स्थिति में एशिया से इराक या यूएई संभावित विकल्प हो सकते हैं।

इराक एशियाई क्वालीफाइंग में नौवें स्थान पर रहा और उसने प्लेऑफ में यूएई को हराया। अब उसे 31 मार्च को बोलीविया या सूरीनाम के खिलाफ मुकाबला खेलना है। जीत की स्थिति में वह सीधे विश्व कप में पहुंच सकता है, जबकि हार की स्थिति में भी ईरान के हटने पर उसे मौका मिल सकता है।

# अब सीओई में कोच के तौर पर तेज गेंदबाजों को निखारेंगे जहीर



मुम्बई। पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान अब कोच की भूमिका में नजर आयेंगे। जहीर को बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में तेज गेंदबाजों को कोचिंग देने की जिम्मेदारी दी गयी है। जहीर को ऑस्ट्रेलिया के ट्रॉय कूली की जगह पर कोच बनाया गया है। कूल का चार साल का कार्यकाल समाप्त हो गय है। वह अब इंग्लैंड टीम के तेज गेंदबाजी विशेषज्ञ कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। जहीर कोचिंग भूमिका निभाने को लेकर काफी उत्साहित हैं। वह पहले आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट के कोच रहे हैं। ऐसे में उन्हें कोचिंग का अच्छा अनुभव है। माना जा रहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र को देखते हुए जहीर को गेंदबाजों का निखारने की जिम्मेदारी दी गयी है। पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह सभी मैच नहीं खेल सके थे, जिससे टीम का संतुलन कमजोर पड़ा था। तब मोहम्मद सिराज ने गेंदबाजी की कमान संभाली थी पर बोर्ड चाहता है कि उसके पास बेहतर तेज गेंदबाजों का एक पूल होना चाहिये जो किसी भी प्रकार के कठिन हालातों पर नियंत्रण कर सके। नवंबर 2026 में न्यूजीलैंड दौरे को ध्यान में रखते हुए भारतीय टीम अपनी तेज गेंदबाजी आक्रमण को बेहतर बनाना चाहती है। इसके अलावा चयन समिति की नजरें घरेलू क्रिकेट के उभरते सितारों पर भी है। रणजी ट्रॉफी 2025-26 में जम्मू-कश्मीर के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले आकिब नबी पर भी उसकी नजरें हैं। अकीब आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स से खेलेंगे।

# टी20 विश्वकप के शीर्ष पांच बल्लेबाजों और गेंदबाजों में केवल एक-एक भारतीय

नई दिल्ली। आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट में भारत सहित चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। ऐसे में अब तक लीग स्तर से लेकर सुपर-8 तक के मुकाबलों को देखें तो अब तक पांच बल्लेबाजों और पांच गेंदबाजों का इस टूर्नामेंट में दबादबा रहा है। इन शीर्ष पांच बल्लेबाजों में एक ही भारतीय सूर्यकुमार यादव हैं। वहीं पांच गेंदबाजों में भारत के एकमत्र वरुण चक्रवर्ती भी शामिल है। शीर्ष 5 बल्लेबाजों की बात करें तो पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान नंबर एक पर हैं। उन्होंने 6 मैचों में 383 रन बनाए हैं हालांकि पाकी टीम हार के साथ ही टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। वहीं दूसरे नंबर पर ब्रायन बेनेट हैं, जिन्होंने जिम्बाब्वे के लिए 292 रन बनाए हैं और उनकी टीम भी इस टूर्नामेंट से हार हो गयी है। तीसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के एडेन मारक्रम हैं, जो 268 रन बना चुके हैं। उनकी टीम सेमीफाइनल में है और ऐसे में उनके पास और आगे जाने का अवसर है। चौथे नंबर पर वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर हैं, जिन्होंने 248 रन बनाए हैं पर उनकी भी टीम बाहर हो चुकी है। पांचवें नंबर पर 231 रनों के साथ सूर्यकुमार यादव हैं। सूर्या शीर्ष 5 में एकमात्र भारतीय हैं और टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने से उनके पास ओर रन बनाने का अवसर है।

**वहीं दूसरी ओर गेंदबाजी की बात करें तो**– सबसे अधिक विकेट लेने की सूची में अमेरिक के शैडली वैन शाल्कविक हैं उनकी टीम सुपर-8 तक भी नहीं पहुंची पर उनके नाम चार मैचों में सबसे अधिक 13 विकेट हैं। जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजारबानी के नाम 6 मैचों में 13 विकेट हैं और वह दूसरे नंबर पर हैं उनकी टीम भी टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। तीसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी हैं, उनके नाम 12 विकेट हैं और सेमीफाइनल में भी टीम पहुंची है। वही भारतीय टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी 12 विकेट लेकर इस सूची में शामिल हैं। भारतीय टीम भी सेमीफाइनल में है उनके विकेटों की संख्या बढ़ना तय है। पांचवें स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के कोर्बिन बोस हैं, उनके नाम 11 विकेट हैं और उनकी टीम भी सेमीफाइनल में पहुंची है।।

# सेमीफाइल में जैक्स से भारतीय टीम को रहना होगा सावधान : गावस्कर



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि भारतीय टीम को गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में मेहमान टीम के ऑलराउंडर विल जैक्स से सतर्क रहना होगा। गावस्कर के अनुसार जैक्स अभी अच्छे फार्म में हैं, ऐसे में उनपर अंकुश लगाये रखना जरुरी होगा। गावस्कर ने कहा कि अगर पिच से थोड़ी भी स्पिन मिली तो जैक्स को खेलना भारतीय टीम के लिए काफी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या को इस मैच में पूरी जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करनी होगी। गावस्कर के अनुसार सैमसन, सूर्यकुमार और पंड्या के प्रदर्शन से ही इस मैच का परिणाम तय होगा। उन्होंने कहा कि जैक्स सातवें नंबर पर उतरकर मैच की दिशा बदल सकते हैं, इसलिए उनपर दबाव बनाये रखना जरुरी रहेगा। वह वही भूमिका निभाते हैं जो भारत के लिए शिवम दुबे निभाते हैं।

जैक्स ने अब तक इस टूर्नामेंट में चार बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड जीता है। उन्होंने कई अवसरों पर टीम को कठिन हालातों से उबारा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ जैक्स ने 18 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया था। वहीं श्रीलंका के खिलाफ कम स्कोर वाले मुकाबले में भी उसने तेजी से रन बनाने के बाद 3 अहम विकेट श्रीलंकाई टीम को लक्ष्य तक पहुंचने से रोक दिया। पावरप्ले में वह ऑफ स्पिन गेंदबाजी से भारतीय बल्लेबाजों को विकेट गंवाने के लिए ललचा सकते हैं। जैक्स आईपीएल में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते आये हैं। इसलिए वह वानखेड़े की मैदान को भली भांति जानते हैं। वह भारतीय टीम के खिलाफ पहली बार किसी टी20 मैच में खेल रहे हैं। ऐसे में वह और भी खतरनाक साबित हो सकते हैं क्योंकि अधिकतर बल्लेबाज पहली बार उनका सामना करेंगे। गावस्कर ने कहा कि दोनो ही टीमें आफी अच्छी हैं, ऐसे में ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। वहीं वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टीम का सेमीफाइनल रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। उसे । 1987 एकदिवसीय विश्वप सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था जबकि साल 2016 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में वह वेस्टइंडीज से हारी पर 2011 एकदिवसीय विश्वकप फाइनल में उसने इसी मैदान पर श्रीलंका को हराकर खिताब जीता था। गावस्कर का मानना है कि पुराने रिकॉर्ड से आज के हालातों में फर्क नहीं पड़ता और भारतीय टीम फाइनल तक जाने में सक्षम हैं।

# पाक के पूर्व क्रिकेटर आमिर ने भारतीय टीम के प्रदर्शन पर उठाये सवाल

लाहौर । टी20 विश्वकप से बाहर हुई पाकिस्तान टीम के पूर्व खिलाड़ी भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने से चिढ़े हुए हैं। इसका अंदाजा इसी से होता है कि पाक के पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद आमिर ने भारतीय टीम के समीफाइनल में पहुंचने के बाद भी उसके प्रदर्शन पर सवाल उठाये हैं पर बल्लेबाज संजू सैमसन की प्रशंसा की है। आमिर ने



विश्वकप शुरु होने से पहले कहा था भारतीय टीम सेमीफाइन में नहीं पहुंच पायेगी। उन्होंने तब कहा था कि भारतीय टीम के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं है और उसके कई कमजोर पक्ष है जिससे वह अंतिम चार में नहीं पहुंच पायेगी पर पाक टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी लेकिन आमिर की ये भविष्यवाणी गलत साबित हो गयी। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर उनका मजाक उड़ रहा है। वहीं आमिर ने सैमसन की नाबाद 97 रन की पारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की पारी खेलना आसन नहीं होता। आमिर के अनुसार सैमसन की कठिन हालातों में खेली पारी से भारतीय टीम जीती पर इसके बाद भी सेमीफाइनल उसके लिए आसान नहीं रहेगा। इसका कारण है कि एक शानदार पारी टीम की कमजोरियों को समाप्त नहीं कर सकती। आमिर के अनुसार भारतीय टीम की फील्डिंग अच्छी नहीं है उसने मैच के दौरान कई कैच छोड़े हैं। इसके अलावा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा अन्य गेंदबाजों ने काफी अधिक रन दिये हैं। टीम एक ही गेंदबाज पर टिकी हुई है।

# आयुर्वेद पद्धति से हेपटाइटिस सी का इलाज

प्राचीन चिकित्सा पद्धति के अनुसार अगर रोगी को प्रथम चरण में भूमी आंवला, गिलॉय, कालमेघ दिए जाते हैं जो रोगियों के रक्त के वायरस के स्तर को कम करते हैं....

**आज** की भागदौड़ भरी जिंदगी और आधुनिक रहन-सहन के कारण अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, हेपटाइटिस सी इन्हीं में से एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या है, जिसका निवारण अगर जल्द से जल्द न किया जाए तो यह भयंकर रूप ले सकती है।



इस रोग में रोगी का लीवल सिकुड़ जाता है और यहां तक कि मृत्यु तक हो सकती है। नई दिल्ली के प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक डा. हरीश वर्मा का मानना है कि वर्तमान समय में हेपटाइटिस सी एक घातक रूप लेता जा रहा है, जिसका समय रहते इलाज कराना जरूरी है। उन्होंने बताया कि हेपटाइटिस सी का संक्रमण होने के कारण रोगियों को अत्यंत थकावट महसूस होती है और धीरे-धीरे रोगी पीलिया से ग्रसित हो जाता है।

डा. वर्मा के अनुसार इसे लीवर सिरोसिस कहते हैं। आयुर्वेद में इसे यकृतोल्योदर कहा गया है। इस अवस्था में रोगियों को जलोदर यानी एसाइटिस हो जाता है और कभी-कभी यह लीवर कैंसर में भी बदल जाता है। प्राचीन चिकित्सा पद्धति के अनुसार अगर रोगी को तीन प्रकार की जड़ी बूटियों को मिलाकर एक समय पर दिया जाए तो हेपटाइटिस सी का वायरस घटने लगता है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में भूमी आंवला, गिलॉय, कालमेघ दिए जाते हैं जो रोगियों के रक्त के वायरस के स्तर को कम करते हैं। दूसरे चरण में पुनर्नवा, भृंगराज, मकोय आदि दिए जाते हैं जिससे क्षतिग्रस्त लीवर में काशिकाओं का निर्माण होने लगता है।

तीसरी समूह में मूली, अपापार्क, अर्क, चिरायता आदि दिए जाते हैं जिससे लीवर की क्षमता बढ़ने लगती है डा. वर्मा के अनुसार हेपटाइटिस सी के रोगियों के लिए आयुर्वेदिक थैरेपी एलोपैथिक दवाइयों की अपेक्षा सस्ती हैं और इनका शरीर पर दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता है। उनका दावा है कि इस प्रकार के आयुर्वेदिक थैरेपी से हजारों रोगियों को लाभ पहुंचा है।

# हेल्थ प्लस

## कैंसर से मौत नहीं चाहते तो रोज करें व्यायाम



**नियमित** तौर पर तीस मिनट व्यायाम करने (चलने या साइकिलिंग करने) से कैंसर से होने वाली मौत का खतरा कम होता है। एक नए अध्ययन के अनुसार शारीरिक रूप से स्वस्थ लोगों की कैंसर से मृत्यु की आशंका कम होती है। स्वीडन के कारोलिनस्का इंस्टीट्यूट ने अपने अनुसंधान में पाया है कि रोजाना आधा घंटा व्यायाम करने वाले लोगों को उन लोगों की तुलना में कैंसर से होने वाली मौत की आशंका 34 प्रतिशत कम होती है जो नियमित कसरत नहीं करते हैं। अनुसंधानकर्ता प्रो. एलिस्जा वाक के अनुसार साइकल चलाना, पैदल चलना जैसे साधारण व्यायाम अधेड़ और वृद्ध लोगों में कैंसर से होने वाली मौत की आशंका को घटाते हैं। 'द ब्रिटिश जर्नल ऑफ कैंसर' के अनुसार अनुसंधानकर्ताओं ने 45 से 79 वर्ष आयुवर्ग के 40 हजार लोगों के स्वास्थ्य और व्यायाम स्तरों की निगरानी की। निष्कर्ष पर पहुंचने में अनुसंधानकर्ताओं को पूरे सात वर्ष लगे। इस दौरान 3,714 प्रतिभागियों को कैंसर हो गया और इनमें से 1153 की कैंसर के कारण मौत हो गई। इस खोज में पता चला कि कैंसर से होने वाली मौत से बचने और कैंसर विकसित होने की संभावना को थोड़ी कम करने में व्यायाम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# यूं पाएं अधिक कोलैस्ट्रोल पर नियंत्रण

**कोलैस्ट्रोल** की अधिक मात्रा कई गंभीर रोगों का कारण बन सकती है। हृदय के लिए तो कोलैस्ट्रोल की अधिक मात्रा बहुत ही हानिकारक हो सकती है इसलिए हृदय रोगी बहुत ही कम ऑयल का सेवन कर लेते हैं जो बहुत अधिक कोलैस्ट्रोल का कारण बनते हैं जैसे चीनी, मैदा, कोल्ड ड्रिंक्स, फास्ट फूड आदि। विशेषज्ञों के अनुसार कोलैस्ट्रोल पर नियंत्रण के लिए आप निम्न बातों पर ध्यान दें:

- मीट, चिकन के स्थान पर मछली का सेवन करें। अंडे के पीले भाग का सेवन न करें। सी-फूड से भी कोलैस्ट्रोल की मात्रा में बढ़ौतरी होती है।
- वनस्पति घी का सेवन न करें क्योंकि यह 'ट्रांस फैटी एसिड' का स्रोत है जो स्वास्थ्य के लिए अच्छे नहीं होते।
- मैदे से बने खाद्य पदार्थ इन्सुलिन के संतुलन में रूकावट डालते हैं जिससे कोलैस्ट्रोल बढ़ता है। साथ ही इनसे फाइबर की मात्रा न के बराबर होती है।
- अल्कोहल का सेवन न करें।
- अपरिष्कृत फाइबर युक्त आटा व ब्रैड आदि का सेवन करें क्योंकि ये आंतों से वसा को बाहर निकालने में सहायक हैं।
- सोया के बने खाद्य पदार्थ जैसे सोया आटा, दूध आदि कोलैस्ट्रोल के स्तर को कम करते हैं।
- फलों का सेवन करें परन्तु छिलते सहित क्योंकि छिलकों में पैंक्टिन फाइबर पाया जाता है जो कोलैस्ट्रोल की मात्रा पर नियंत्रण रखता है।

# एन एपल ए डे

सेब में उपस्थित फ्लेवोनॉइड तत्त्व एंटी-ऑक्सीडेंट का काम करते हैं। ये दिमाग की कोशिकाओं को स्वस्थ रखते हैं।

**अंग्रेजी** में कहा गया है, 'एन एपल ए डे', कीप्स द डॉक्टर अवे' अर्थात् एक सेब रोज खाओ और डॉक्टर को दूर भगाओ। यह उक्ति बहुत पुरानी है और अनेक परीक्षणों से पता चला है कि सेब के सेवन से हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह के साथ ही दिमागी बीमारियों जैसे पार्किंसन और अल्जाइमर आदि में भी आराम मिलता है।



विशेषज्ञों के अनुसार एक सेब रोज खाने से पाचन क्रिया ठीक रहती है, जिससे अनेक रोगों से सुरक्षा रहती है। सेब के फायदों को प्रचारित करने और सेब को प्रतिष्ठित करने के लिए यूरोप के कई देशों में एक दिसंबर को 'ईट ए रेड एपल डे' मनाया जाता है। इसमें समारोह आयोजित कर किस्म-किस्म के सेब प्रदर्शित किए जाते हैं, सेब के बारे में साहित्य बांटा जाता है।

अध्ययनकर्ताओं के अनुसार लाल सेब में सेब की अन्य प्रजातियों की अपेक्षा अधिक एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जो मनुष्य को कैंसर, हृदय रोगों और मधुमेह, दिमागी तथा याददाश्त संबंधी समस्याओं में फायदा पहुंचाते हैं।

लाल सेब में उपस्थित फ्लैवोनोइड तत्त्व एंटी-ऑक्सीडेंट का काम करते हैं। यह दिमाग की कोशिकाओं को स्वस्थ रखते हैं, जिससे पार्किंसन और अल्जाइमर जैसे दिमागी रोगों से बचाव होता है।

सेब रेशे (फाइबर) वाला फल है। इसमें प्रोटीन और विटामिन की संतुलित मात्रा होती है, लेकिन कैलॉरी कम होती है जिससे यह हृदय को स्वस्थ रखने में सहायक है।

उच्च रक्त चाप या किसी अन्य समस्या के कारण जो लोग नमक का सेवन कम करते हैं उनके लिए सेब सुरक्षित और लाभकारी है क्योंकि सेब में सोडियम की मात्रा न के बराबर होती है।

सेब शरीर में ग्लूकोज की मात्रा को संतुलित करने का कार्य करता है। इससे मधुमेह के रोगियों को लाभ होता है। इसके अतिरिक्त सेब स्मरण शक्ति बढ़ाने, शरीर को चुस्त और स्वस्थ रखने में कई स्तरों पर काम करता है।

# रोज एक नींबू, पूरे दिन 'विटामिन सी' की पूर्ति



**निवेश** के क्षेत्र में 'लेमन' शब्द का इस्तेमाल ऐसी संपत्तियों के लिए किया जाता है जिनका प्रदर्शन बेहद खराब होता है और जहां से फायदे की उम्मीद नहीं होती लेकिन इसके ठीक उल्टे स्वास्थ्य के मामले में नींबू अपनी खूबियों के लिए ही जाना जाता है। 'विटामिन-सी' से भरपूर और पोटेशियम की कुछ मात्रा के कारण यह शरीर के लिए एंटी आक्सीडेंट की तरह काम करता है। एक नींबू का रस पूरे दिन की विटामिन सी की जरूरत पूरी करता है। इसके रस की पसंद और गुणों की अहमियत कायम रखने के लिए अगस्त का एक दिन इस फल के नाम किया गया है। इसके सेवन को बढ़ावा देने के लिए 29 अगस्त को 'लेमन जूस डे' मनाया जाता है। नींबू का रस कब से प्रचलन में है इसके निश्चित प्रमाण नहीं हैं लेकिन यूरोप और अरब में लिखे गए 10 वीं शताब्दी के साहित्य में इसका उल्लेख मिलता है। नींबू मुस्लिम राजाओं के बागों में एक शाही फल माना जाता था और इसका रस भी एक शाही पेय था। कहा जाता है कि भारत में पहली बार असम में नींबू की पैदावार हुई।

# दूषित भोजन से बचाव

- भोजन को अच्छी तरह पकाएं, इससे बैक्टीरिया नष्ट होते हैं।
- जल्दी खराब होने वाले खाद्य पदार्थों को फ्रिज के सबसे ठंडे भाग में रखें। अच्छी तरह गर्म करने के बाद ही खाएं।
- कोई भी बर्तन उपयोग में लाने से पहले एक बार सादे पानी से धो लें। कॉकरोच, चूहे छिपकलियां आदि बर्तनों पर रेंग कर उनको दूषित करते हैं।
- कूड़ेदान को छूने या झाड़ू-पोंछा आदि करने के बाद हाथों को धोना न भूलें।
- हरी सब्जियों को हमेशा चलते पानी में खूब अच्छी तरह धोने के बाद ही पकाएं। कीटनाशक पदार्थों के छिड़काव व रंग के प्रभाव को दूर करने के लिए उनको धोया जाना जरूरी है, वरना भोजन विषाक्त हो सकता है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यो में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-३-४-७

**मिथुन** — का की कू घ ड छ के को हा
पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु** — ये यो भा भी भू
अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा।

संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)
सलाहकार संपादक:
रिजवान सैफ खान
सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,
सह संपादक: राम सिंह यादव उपसंपादक राकेश द्विवेदी
उक्त सभी पद अवैतनिक है

## काकुरो पहेली - 3818



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 3817 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

चिंकी (सोनू से)- तुम्हें पता है, मेरा भतीजा इतना खराब है कि दिन में कम से कम सात-आठ बार कपड़े बदल ही लेता है।

सोनू परेशान होकर- ऐसा क्यों? क्या उसे कपड़े बदलने की बीमारी हो है?

चिंकी- नहीं नहीं....! अरे पगली! अभी तो वह छः माह का ही है।

□ □ □

शादी की पच्चीसवीं सालगिरह पर पार्टी में आए मेहमानों ने जब नरेश से पूछा कि- बताओ नरेश! आपके हिसाब से सफल वैवाहिक जीवन का राज क्या है?

नरेश बोला- यह वैवाहिक जीवन तभी सफल साबित हो सकता है जब पत्नी बहरी और पति पूरी तरह अंधा बनकर जीवन बिताएँ।

□ □ □

पेशी के दौरान वकील महिला से बोला- जब तुम उस अपराधी से मिलने गई थी और उसने तुमसे जो कहा था, वो अदालत में जज साहब से कह दो।

महिला- नहीं...! मैं वो बात किसी भले आदमी के सामने नहीं कह सकती।

वकील बोला- तो ठीक है! जाकर जज साहब के कान में तो कह ही सकती हो।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3818



**बायें से दायें:-**

१. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना, शमिता की फिल्म-३
४. 'भंवरे ने खिलाया फूल' गीत वाली ऋषिकपूर, पद्मिनी की फिल्म-४
७. फिरोजखान, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय, अमृता राव की फिल्म-३
१०. राजेंद्रकुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'ऐ सनम इतना बता' गीत वाली जैकी, मिथुन, जूही, दिव्या की फिल्म-४
१५. नाना, शाहरूख, संजय कपूर, करिश्मा की 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'एहसान तेरा होगा मुझ पर' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा बानो की फिल्म-३
१७. 'बागबान' में अमिताभ की पत्नी ?-२
१८. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देव आनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
१९. ऋषिकपूर, कमल हासन, डिम्पल की 'मारिया ओ मारिया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आते जाते हुए' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर, राखी, परवीन की फिल्म-२
२१. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज हमने दिल' गीत वाली नसीर, अतुलअग्निहोत्री, पूजाभट्ट की फिल्म-२
२४. राहुलराय, पूजा भट्ट की 'जो प्यार कर गये' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२६. संजीवकुमार, शर्मिला की १९७४ की कृष्णन पंजु निर्देशित एक फिल्म-४
२९. 'पति पत्नी और वो' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
३०. 'क्या चीज है मुहब्बत' गीत वाली सुनील शेट्टी, दिव्या की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब ना माना दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. कुलभूषण, जावेद, शबाना, नंदिता दास की एक फिल्म-३
३. 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की फिल्म-४
५. अमिताभ, वहीदा, जीनत की एक फिल्म-३
६. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
९. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'उड़ उड़ उड़ जाये' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका पाल की फिल्म-२
११. 'छुपाना भी नहीं आता' गीत वाली फिल्म-४
१२. अजय देवगन, करिश्मा कपूर की फिल्म-४
१३. जीतेंद्र, कमल सदाना, आयशा, दिव्या की 'तेरी मुहब्बत नें दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१६. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की फिल्म-३
२०. राजकपूर मीनाकुमारी की 'ऐ चांद जहां वो जाये' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जैक एण्ड जिल' गीत वाली अजय, उर्मिला की फिल्म-३
२२. 'मैंने प्यार किया' में नायक कौन था-४
२३. 'आँखों में नींदें ना दिल में' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'नीलकमल' के संगीतकार कौन थे-२
२८. 'दिलवालों के दिल का करार लूटने' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3817



## सूडोकु -3818

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3817 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3818



**बाएँ से दाएँ**

1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेंद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

शब्द पहेली -3817 का हल



सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी